उज्जैन
गुरुवार
30
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-176
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



फेमिना मिस इंडिया 2026 की विनर साध्वी सतीश सैल बोलीं- अब इंटरनेशनल लेवल पर भारत को रिप्रेजेंट करने की तैयारी, धुरंधर देखने की इच्छा जताई

पेज- 8

## जल्दी समझदार बनो अब ज्यादा नरमी नहीं बरतेंगे : ट्रंप

**तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राइफल के साथ फोटो शेयर कर ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने



कहा कि जल्दी समझदार बनो, अब ज्यादा देर नरमी नहीं बरती जाएगी। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर राइफल के साथ एक फोटो पोस्ट की। फोटो पर लिखा था, नो मोर मिस्टर नाइस गाय यानी अब ज्यादा देर नरमी नहीं बरती जाएगी। उन्होंने परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही बातचीत की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताई और कहा कि ईरान खुद को संभाल नहीं पा रहा है। ट्रम्प ने कहा है कि अगर जल्द कोई समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका और सख्त रुख अपना सकता है।

## किन्नर बिरादरी को नेग या बधाई मांगने का कोई कानूनी अधिकार नहीं

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि किन्नर समुदाय के पास शुभ अवसरों पर पारंपरिक रूप से 'बधाई' या 'नेग' मांगने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। जस्टिस आलोक माथुर और जस्टिस अमिताभ कुमार राय की खंडपीठ ने कड़े शब्दों में कहा कि इस तरह की जबरन मांग को भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध की श्रेणी में रखा जा सकता है। अदालत ने यह फैसला गोंडा जिले की एक ट्रांसजेंडर रेखा देवी द्वारा दायर उस याचिका को खारिज करते हुए सुनाया, जिसमें उन्होंने 'नेग' वसूलने के लिए एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र को अपने लिए आरक्षित करने की मांग की थी।

## ईरान को परमाणु अप्रसार संधि का उपाध्यक्ष बनाने पर विवाद

**न्यूयॉर्क।** ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। इसी बीच एक



दिलचस्प खबर सामने आई है। ईरान को परमाणु अप्रसार संधि का उपाध्यक्ष चुना गया है। यह फैसला न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में चल रहे एनपीटी के 11वें रिव्यू कॉन्फ्रेंस में लिया गया। यह कॉन्फ्रेंस 5 साल में एक बार होती है। सम्मेलन के अध्यक्ष और वियतनाम के राजदूत दो हुंग वियेत ने बताया कि ईरान का नाम गुटनिरपेक्ष देशों के ग्रुप की तरफ से आया था। इस ग्रुप में भारत समेत 100 से भी ज्यादा देश हैं।

## कच्चा तेल चार साल में सबसे महंगा, जंग के बीच कीमत $120 प्रति बैरल पहुंची

**तेहरान/वॉशिंगटन।** मिडिल ईस्ट में जंग के बीच कच्चे तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल को छू गई है। यह 4 साल में सबसे ज्यादा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक ब्रेंट क्रूड की कीमत लगभग 119.76 डॉलर प्रति बैरल तक चली गई, जो जून 2022 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। द गार्जियन के मुताबिक इसकी वजह ट्रम्प का वह बयान है जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका, ईरान के बंदरगाहों पर अपनी सैन्य नाकेबंदी जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि जब तक ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर कोई समझौता नहीं करता, तब तक यह नाकेबंदी नहीं हटेगी। इस फैसले का सीधा असर होर्मुज पर जारी तनाव पर पड़ा है, जो दुनिया के सबसे अहम तेल सप्लाई रूट्स में से एक है। इस वजह से तेल की सप्लाई को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है।

### टायर फटने के बाद अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो से टकराया

# धार में पिकअप वाहन पलटने से 16 की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ धार**

मध्य प्रदेश के धार में टायर फटने से अनियंत्रित होकर पिकअप वाहन डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। वाहन ने 3-4 बार पलटी खाई। इस दौरान सड़क के दूसरी ओर जाकर स्कॉर्पियो से भी टकराया। हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई, 13 घायल हैं। मृतकों में 6 बच्चे शामिल हैं।

एक्सीडेंट इंदौर अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग के चिकलिया फाटा पर जियो पेट्रोल पंप के पास बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे हुआ। जयस के सदस्य विजय सिंह चोपड़ा ने बताया कि पिकअप में करीब 50 मजदूर सवार थे। वाहन करीब 100 किलोमीटर की रफ्तार में था।

**मृतकों में 6 बच्चो, 7 घायल इंदौर रेफर**



### प्रत्यक्षदर्शी ने कहा- टायर फटने से अनियंत्रित हुआ था पिकअप

प्रत्यक्षदर्शी शुभम सिसोदिया ने कहा- हादसे के समय मैं घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर मौजूद था। स्कॉर्पियो मांगूद से धार की ओर जा रही थी जबकि पिकअप वाहन धार से मांगूद की तरफ आ रहा था। इसी दौरान अचानक पिकअप का टायर फट गया। अनियंत्रित होकर पिकअप डिवाइडर को पार करते हुए रॉन्ग साइड में आ गया और सामने से आ रही स्कॉर्पियो से टकरा गया। फिर पलट गया।

### कमिश्नर सुदाम खाड़े बोले—अस्पतालों में सभी जरूरी सुविधाएं

कमिश्नर सुदाम खाड़े ने बताया कि पिकअप वाहन में करीब 46 लोग सवार थे। घायलों के इलाज को लेकर प्रशासन ने व्यवस्था की है। गंभीर रूप से घायल 7 लोगों को बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया है। वहीं करीब 15 घायलों का इलाज स्थानीय अस्पतालों में चल रहा है, जबकि 6 अन्य का उपचार निजी अस्पतालों में जारी है। कमिश्नर ने बताया कि अस्पताल में हड्डी और फ्रैक्चर से जुड़ी सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इंदौर में भी डॉक्टरों की विशेष टीम तैनात की गई है।

- **पीएम राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख की सहायता दी जाएगी-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार हादसे पर दुःख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा- दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।
- **सीएम ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की सहायता का ऐलान किया-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार हादसे के प्रभावितों के प्रति संवेदना जताई है। उन्होंने पर लिखा- मृतकों के परिवारजन को 4-4 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 1-1 लाख रुपए तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। इंदौर संभागायुक्त और आईजी को उपचार व्यवस्था के लिए धार जाने के निर्देश दिए हैं। सभी घायलों का उपचार निःशुल्क किया जाएगा। वहीं, धार के जिला प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने घटना पर दुख जताया है। सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने कहा- इंदौर में भी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। धार से आने वाले घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए हैं।

### प्रॉपर्टी रजिस्ट्री के लिए लाए गए संपदा-2 सॉफ्टवेयर के बावजूद

## भ्रष्टाचार और तकनीकी खामियां सामने आ रही

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

जिले के साथ ही पूरे प्रदेश में भले ही प्रॉपर्टी रजिस्ट्री के लिए लाए गए संपदा-2 सॉफ्टवेयर के बावजूद भ्रष्टाचार और तकनीकी खामियों की खबरें सामने आ रही हैं, जो इसके उद्देश्य पर सवाल उठाती हैं। उप पंजीयक दफ्तरों पर लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें आ रही हैं।

उप-पंजीयक कार्यालयों के कर्मचारी अभी भी सेवा प्रदाताओं के माध्यम से रिश्वत ले रहे हैं। जानकारी के अनुसार, प्रदेश में बीते वित्त वर्ष 2025-26 के




दौरान 14.50 लाख से अधिक रजिस्ट्रियां हुईं, लेकिन इनमें से पांच लाख से अधिक होल्ड कर की गईं। इनमें से 42,971 ऐसे भी मामले हैं जिनमें रजिस्ट्री को एक दिन से अधिक समय तक होल्ड में रखा गया। गौरतलब है कि संपदा-2 सॉफ्टवेयर को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए हैं। कहा गया था कि संपदा-2 से फर्जी रजिस्ट्री पर रोक लगेगी। सरकार ने रजिस्ट्री प्रक्रिया को संपदा-2 सॉफ्टवेयर के बाद पारदर्शी होने का दावा जरूर किया, लेकिन उप पंजीयक दफ्तरों पर लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें आ रही हैं। राजस्व मामलों के जानकारों की मानें तो संपदा-2 सॉफ्टवेयर आने के बाद ऐसे बहुत ही कम कारण हैं, जिनके चलते रजिस्ट्रियों को होल्ड किया जाए। वहीं दूसरी ओर प्रशासन के पास प्रदेश के कई जिलों पर उपपंजीयक कार्यालयों पर भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें पहुंचती रहीं।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर चलती कार में आग, एमपी के 5 लोग जिंदा जले

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ अलवर**

अलवर के मौजपुर में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर चलती कार में आग लग गई। हादसे में 5 लोग जिंदा जल गए। रेस्क्यू टीम को आग बुझाने के बाद अर्टिगा कार में से केवल हड्डियां मिलीं हैं। कार ड्राइवर आग लगते ही बाहर कूद गया था। उसे गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया है। कार सवार परिवार श्योपुर (मध्य प्रदेश) के चैनपुरा के रहने वाला था। बेटे क नौकरी की मन्नत पूरी होने पर वैष्णो देवी दर्शन कर लौट रहा



था। पुलिस को आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। पुलिस के अनुसार हादसा मौजपुर में एसएसबी ट्रेनिंग सेंटर के पास हुआ। इसके बाद कुछ देर के लिए एक्सप्रेसवे पर जाम भी लग गया।

## हेलीकॉप्टर से पहली बार एक साथ दो मिसाइल लॉन्च



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

डीआरडीओ और नौसेना ने बुधवार को बंगाल की खाड़ी में हेलीकॉप्टर से शॉर्ट रेंज नेवल एंटी-शिप मिसाइल को सफल लॉन्च किया। इस दौरान एक हेलीकॉप्टर से कुछ ही सेकेंड के अंतर पर दो मिसाइलें दागी गईं। दोनों ने जहाज के निचले हिस्से पर सटीक निशाना लगाया। इसके जरिए भारत ने साल्वो लॉन्च क्षमता का प्रदर्शन किया। यानी एक लॉन्चर से कम समय में ज्यादा मिसाइलें दागना। यह तकनीक दुश्मन के रडार सिस्टम को चकमा दे सकती है। ओडिशा के चांदीपुर की टेस्ट रेंज में लगे रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम और टेलीमेट्री के जरिए मिसाइल की पूरी उड़ान और निशाने को ट्रैक किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफलता पर डीआरडीओ, नौसेना, वायु सेना और उद्योग जगत को बधाई दी।

### बेंगलुरु में भारी बारिश

## अस्पताल की दीवार गिरने से सात लोगों की मौत



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु**

बेंगलुरु में बुधवार को भारी बारिश के बीच हॉस्पिटल की दीवार गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 3 बच्चे भी शामिल हैं। 7 घायलों का रेस्क्यू किया गया है।

हादसे के समय सड़क किनारे मौजूद वेंडर और राहगीर मलबे की चपेट में आ गए। कई लोग मलबे में दब गए थे, जिन्हें रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाला।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भारी बारिश के कारण बोवरिंग एंड लेडी कर्जन हॉस्पिटल की दीवार कमजोर हो गई थी। हालांकि, प्रशासन ने कहा है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और मृतकों के परिजनों के लिए 5-5 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा की।



## खबर एक नजर...

### महिला ने पिया फिनाइल, मां अस्पताल लेकर पहुंची

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र के शांतिनगर में रहने वाली 26 वर्षीय हर्षिता पति अभिषेक भालेराव ने बुधवार शाम फिनाइल पी लिया। मां ज्योति ने बेटी की हालत बिगड़ती देखी तो चरक अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया। मां का कहना था कि बेटी उनके घर के सामने सुदर्शननगर में किराये रहने आई थी। हर्षिता ने फिनाइल क्यों पिया है, इसका पता नीलगंगा थाना पुलिस द्वारा बयान दर्ज कर लगाया जायेगा। ड्यूटी कम्पाउंडर द्वारा पुलिस को सूचना दी गई है।

### नरवाई की आग में जले जामफल के बगीचे

**उज्जैन।** प्रतिबंध के बाद भी किसानों द्वारा नरवाई जलाई जा रही है। नरवाई की आग में 2 भाईयों द्वारा लगाये गये जामफल के बगीचे जल गये। दोनों की शिकायत पर पुलिस ने नरवाई जलाने वालों पर प्रकरण दर्ज किया है। बड़नगर के जय स्तंभ चौक में रहने वाले सय्यद इमनरा पिता मुबारिक अली और उसके भाई सय्यद सदीक अली का खेत झालरिया मार्ग कजलाना में है। जहां उन्होने जामफल के बगीचे लगा रखे है। सय्यद इमनरा अली के खेत की देखभाल इशाक करता है। 27 अप्रैल की दोपहर इशाक ने बताया कि पडोसी लक्ष्मीनारायण पाटीदार और रवि पाटीदार मौलाना वालों ने अपने खेत में गेहूं के खापे में आग लगाई, जो जामफल के बगीचे तक पहुंच गई और बगीचा जल गया है। दोनों भाईयों ने अपने खेत में लगे बगीचे में जामफल के 4500 पेड लगाये थे जो पूरी तरह से जल चुके थे। पहले सामने आया कि दोनों भाईयों में विवाद के चलते आगजनी हुई है। लेकिन दोनों को काफी नुकसान होने पर उन्होने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई। पुलिस जांच में नरवाई जलाने पर बगीचे में आग लगना सामने आते ही पुलिस ने नरवाई जलाने वाले दोनों किसानों के खिलाफ बीएनएस की धारा 326 (एफ), 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर लिया।

### आर्मी हवलदार कमलेश पटेल की सेवानिवृत्ति पर निकलेगी तिरंगा रैली

**उज्जैन।** नागझिरी जिला मुख्यालय से 7 किमी दूर ग्राम राजपुरा निवासी कमलेश पटेल 1 मई को 24 वर्ष की सेवा के बाद भारतीय सेना के हवलदार पद से सेवानिवृत्त होंगे। वे 3 मई को देश सेवा पूरी कर अपने गृहग्राम लौटेंगे। जिला मुख्यालय पर तिरंगा रैली निकाली जाएगी। यह कुंदा नदी तट स्थित सिद्धिविनायक गणेश मंदिर से शुरू होकर बस स्टैंड पर समाप्त होगी। इसके बाद ग्राम राजपुरा के मां रेणुका माता के दरबार में सम्मान समारोह आयोजित होगा। शाम 5 बजे से भोजन प्रसादी व रात 9 बजे से भजन संध्या होगी। पटेल ने अप्रैल 2002 में भारतीय सेना में राइफलमैन पद से सेवा शुरू की। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्होंने अरुणाचल प्रदेश, कारगिल, पुंछ, राजौरी, डोडा, लेह-लद्दाख व डोकलाम बॉर्डर जैसे दुर्गम व संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात रहकर देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### नई कार्यकारिणी में निर्विरोध हुआ पदाधिकारियों का चयन

**उज्जैन।** वल्लभ वैष्णव युवा मंडल की नई कार्यकारिणी का चुनाव सामाजिक न्याय परिसर में आयोजित बोर्ड मीटिंग में निर्विरोध हुआ। बैठक मंडल के संस्थापक विठ्ठल नागर के नेतृत्व में हुई, जिसमें सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। नितिन नीमा अध्यक्ष, अमर दिसावल कार्यकारी अध्यक्ष और राहुल नागर को सचिव चुना गया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी के अनुसार नवगठित कार्यकारिणी में अखिलेश नीमा, अमीष नीमा और मनीष सामसिया को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं नितेश नागर सह सचिव, आभास शर्मा कोषाध्यक्ष तथा रवि राणा सह कोषाध्यक्ष चुने गए। अन्य दायित्वों में आयुष नागर को जन्मदिन समिति, रत्नेश नीमा को विवाह दिन समिति और सौरभ नागर को पंजीकरण का प्रभार दिया गया है। बैठक में आनंद पुरोहित, जयेश श्रॉफ, विशाल नीमा, हेतल शाह, अमित नागर और नूपुर नीमा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।


## महाकाल मंदिर के अन्न क्षेत्र में अब ऑनलाइन दान

# भोग लगा सकेंगे, आरती में अपने हाथ से चढ़ा सकेंगे प्रसाद, मनचाहा दिन चुनने का भी ऑप्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए नई सुविधा शुरू होने जा रही है। मंदिर के अन्न क्षेत्र में दान अब ऑनलाइन किया जा रहा है। दान देने वाले भक्तों को भोग आरती में भगवान महाकाल को भोग लगाने का अवसर मिलेगा। यह व्यवस्था संभवतः अगले सोमवार से शुरू हो सकती है।

मंदिर समिति की सहायक प्रशासक सिम्मी यादव के मुताबिक, अन्न क्षेत्र पूरी तरह दान से संचालित होता है। यहां रोजाना दो शिफ्ट में करीब 9 हजार श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं। अधिक से अधिक भक्तों को जोड़ने के लिए दान प्रक्रिया ऑनलाइन की जा रही है।





श्रद्धालु महाकाल मंदिर की ऑफिशियल वेबसाइट के जरिए घर बैठे दान कर सकेंगे। दोनों समय की भोजन प्रसादी के लिए 1 लाख 10 हजार रुपए, एक समय के लिए 51 हजार रुपए और मीठे प्रसाद के लिए 21 हजार रुपए दान निर्धारित है।

**किसी भी तारीख के लिए पहले बुकिंग कर सकेंगे-** अब तक यह सुविधा ऑफलाइन थी, जिसमें श्रद्धालुओं को अन्न क्षेत्र पहुंचकर दान करना पड़ता था। नई व्यवस्था में भक्त साल के 365 दिन किसी भी तारीख के लिए पहले से बुकिंग कर सकेंगे। जन्मदिन, मैरिज एनिवर्सरी या अन्य शुभ अवसरों पर भी भोजन प्रसादी का आयोजन कराया जा सकेगा।

**दानदाताओं को मिलेगा भोग लगाने का अवसर-** दानदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत दान करने वाले श्रद्धालुओं को भोग आरती के दौरान मंदिर ले जाया जाएगा और उनके हाथों से भगवान महाकाल को भोग अर्पित कराया जाएगा। मंदिर समिति का मानना है कि इस पहल से अधिक श्रद्धालु अन्न क्षेत्र सेवा से जुड़ेंगे और भक्तों को नया आध्यात्मिक अनुभव मिलेगा।

### भोग में रोटी, दाल-चावल और दो तरह की सब्जियां

भगवान महाकालेश्वर को रोजाना सुबह 10 बजे भोग अर्पित किया जाता है। थाली में गेहूं की रोटी, दाल-चावल और दो तरह की सब्जियां रहती हैं। कई बार श्रद्धालु अपनी ओर से मिठाई अर्पित करते हैं, उसे भी भोग थाली में शामिल किया जाता है। यहां आरती और भगवान महाकाल को भोग लगाने के बाद अन्नक्षेत्र में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाता है।

# पीएम मोदी ने काशी में देखी एमपी की 'वैदिक घड़ी'

## उज्जैन के समय गणना विज्ञान से हुए प्रभावित, काशी में एमपी सरकार ने लगवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार (29 अप्रैल) को अपने उत्तर प्रदेश प्रवास के दौरान काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में स्थापित 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' का विशेष रूप से अवलोकन किया। मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार द्वारा भेंट की गई इस अनूठी घड़ी की कार्यप्रणाली को प्रधानमंत्री ने न केवल करीब से देखा, बल्कि इसके वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व को भी बारीकी से समझा। उज्जैन (महाकाल की नगरी) से शुरू हुआ वैदिक घड़ी का यह सफर अब देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों तक पहुंच रहा है। इसी महीने की 3 तारीख को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह घड़ी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट की थी। इसके ठीक अगले दिन इसे काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए स्थापित कर दिया गया था।

**पीएम मोदी ने समझा घड़ी का सिस्टम-** प्रधानमंत्री ने काशी प्रवास के दौरान इस घड़ी के पास रुककर इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। गौरतलब है कि यह घड़ी सामान्य घड़ियों से बिल्कुल अलग है। यह भारतीय वैदिक कालगणना पर आधारित है। यह समय बताने के




साथ-साथ सूर्योदय, सूर्यास्त, ग्रहों की स्थिति, शुभ मुहूर्त और पंचांग की सटीक जानकारी रियल-टाइम में देती है। प्रधानमंत्री ने इस घड़ी का लोकार्पण साल 2024 में उज्जैन में किया था, और अब काशी में इसकी स्थापना भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रसार का प्रतीक बन गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस घड़ी के माध्यम से उज्जैन की प्राचीन खगोलीय विरासत को पुनर्जीवित कर रहे हैं। उनका मानना है कि जीएमटी की त्रुटि में पश्चिमी संस्कृति का ग्रीनविच मीन टाइम आधी रात से दिन की शुरूआत मानता है, जबकि भारतीय संस्कृति सूर्योदय को आधार मानती है। उज्जैन कर्क रेखा पर स्थित होने के कारण खगोलीय गणना के लिए दुनिया का सबसे सटीक केंद्र है।

# सिंहस्थ में आपदाओं से निपटने का दिया प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी में सिंहस्थ का आयोजन 2028 में होगा। महाकुंभ में सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। 21 दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बुधवार को आपदा और राहत बचाव का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रदेश के पुलिस मुखिया कैलाश मकवाना ने 22 अप्रैल को पुलिस सामुदायिक भवन में ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का शुभारंभ किया था। 21 दिवसीय अभियान का मकसद सिंहस्थ महाकुंभ की सुरक्षा-व्यवस्था को पुख्ता करना और ट्रेनिंग के दौरान ट्रेनर्स तैयार करना रखा गया। इसी अभियान में बुधवार को आपदा प्रबंधन, राहत बचाव और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें होमगार्ड और एसडीआरएफ के साथ फायर सर्विसेज के अधिकारियों और जवानों को 2 सत्र में प्रशिक्षण दिया गया। पहले सत्र में अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों को सैद्धांतिक और तकनीकी प्रशिक्षण देकर सिंहस्थ मेले के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित आपदाओं, सुरक्षा प्रबंधन एवं कार्यप्रणाली पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। द्वितीय सत्र में डिजास्टर मैनेजमेंट से संबंधित विभिन्न परिस्थितियों का प्रायोगिक प्रशिक्षण किया गया। इस दौरान होमगार्ड, एसडीआरएफ और फायर सर्विसेज के दलों द्वारा राहत, बचाव कार्यों का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया। सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रख चरणबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम, समन्वय बैठक और मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही हैं।

# बारदाना संकट पर किसानों का फूटा गुस्सा, किया चक्काजाम

## किसानों ने नारेबाजी करते हुए अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सड़क के बीच खड़ी कर दी, एक घंटे लगा रहा जाम; एसडीएम की समझाइश के बाद खोला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले में बुधवार को गेहूं खरीदी केंद्रों पर बारदाने की कमी से नाराज किसानों ने नागदा-उन्हेल मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। करीब एक घंटे तक चले इस प्रदर्शन के कारण सड़क पर लंबा जाम लग गया और उज्जैन से नागदा व इंदौर जाने वाले वाहन फंस गए। हालांकि एसडीएम की समझाइश के बाद किसानों ने जाम खोल दिया।

सोडंग के पास बोरखेड़ा भल्ला सोसाइटी के देपन खरीदी केंद्र पर आक्रोशित किसानों ने नारेबाजी करते हुए अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सड़क के बीच खड़ी कर दीं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने किसानों को समझाने का प्रयास



किया, लेकिन वे अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे।


**तीन दिन से बारदाना न होने का आरोप-** सोडंग, चक्रावदा, रामगढ़ सहित आसपास के गांवों के किसानों ने आरोप लगाया कि पिछले तीन दिनों से बारदाना खत्म हो चुका है, लेकिन सोसाइटी द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई। पांच में से केवल दो तोल कांटे ही चालू हैं, जिससे भीषण गर्मी में किसानों को दो-दो दिन तक लाइन में इंतजार करना पड़ रहा है।

**बारदाने की कमी के चलते ट्रॉलियां वापस की जा रहीं-** किसान अशोक जाट ने बताया कि बारदान की कमी के चलते ट्रॉलियां वापस की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को पहले ही सूचना दी गई थी, लेकिन 12 घंटे बीतने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। स्थिति यह है कि तीन कांटे बंद करने पड़े हैं। वहीं महिदपुर और देवास रोड के खरीदी केंद्रों पर भी इसी तरह बारदान की कमी बनी हुई है। करीब 20 ट्रॉली गेहूं को खराब बताकर वापस लौटाया जा रहा है।

**एसडीएम ने दिलाया बारदाने की व्यवस्था करने का भरोसा-** प्रदर्शन की सूचना पर एसडीएम राजाराम करजरे मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक घंटे के भीतर बारदाने की व्यवस्था कर दी जाएगी। इसके बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन
गुरुवार
30
अप्रैल, 2026




## खबर एक नजर...

### इंदौर में डॉग सेल्टर होम कर्मी पर छेड़छाड़ का आरोप

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक डॉग सेल्टर होम में काम करने वाली युवती ने सफाईकर्मी युवक पर छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान नयन भालसे के रूप में हुई है, जो उसी डॉग सेल्टर होम में सफाईकर्मी के तौर पर कार्यरत है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि आरोपी पिछले करीब एक माह से उस पर गलत नजर रखे हुए था और उससे जबरन बातचीत करने का दबाव बना रहा था। इतना ही नहीं, वह उसका मोबाइल लेकर उस पर अश्लील वीडियो सर्च करता था। पीड़िता के मुताबिक 16 अप्रैल को वह बाथरूम में नहा रही थी, तभी आरोपी जबरन अंदर घुसने की कोशिश करने लगा। विरोध करने पर बाहर आने के बाद भी उसने गलत हरकतें कीं। इसके बाद 22 अप्रैल की रात आरोपी बिना किसी कारण के सेल्टर होम में आया और जबरदस्ती करने का प्रयास किया। आरोपी की लगातार हरकतों से परेशान होकर पीड़िता ने सेल्टर होम संचालिका को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। लसूड़िया पुलिस ने मंगलवार को आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### आईडीए फर्जी एनओसी की शिकायत थाने पहुंची

**इंदौर।** इंदौर में हुए आईडीए के फर्जी एनओसी घोटाले को लेकर अब पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आईडीए अधिकारियों ने इस मामले को लेकर पुलिस में लिखित शिकायत की है, जिसमें विधि विभाग के एक कर्मचारी पर शंका जाहिर की गई है। मामला 97 पार्ट 4 बिजलपुर की जमीन का है। यह जमीन आईडीए की योजना में शामिल है। हाल ही में जमीन मालिक की ओर से टीएनसीपी में ले-आउट स्वीकृति के लिए आवेदन लगाया गया था। जांच में पता चला कि आईडीए से जारी की गई एनओसी और प्रारूप में साइन का अंतर है। यह एनओसी प्लानिंग और भू-अर्जन दोनों विभागों से जारी हुई थी। आईडीए के भूअर्जन अधिकारी सुदीप मीणा और मुख्य नगर नियोजक ने थाना तुकोगंज को कार्रवाई के लिए पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में भू-अर्जन अधिकारी सुदीप मीणा का कहना है कि नकली साइन कर फर्जी एनओसी बनाने का मामला हमारे सामने आया है। मेरे भी नकली साइन बनाकर फर्जी एनओसी बनाई गई है।

### इंदौर में रेडियो जॉकी का आईफोन लूटा

**इंदौर।** खजराना थाना पुलिस ने मोबाइल झपटने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मुखबिर की सूचना पर उसे धर दबोचा। फरियादी शिव ओम (निवासी स्कीम नंबर 134) ने मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई थी कि रविवार को वे क्लार्क्स इन होटल के सामने से गुजर रहे थे, तभी एक बाइक सवार बदमाश उनके हाथ से मोबाइल झपटकर फरार हो गया। इस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने दुकानों और चौराहों के उउळश फुटेज खंगाले। इसी आधार पर आरोपी की पहचान कर ली गई। मुखबिर से सूचना मिलने पर वाघेला गार्डन के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़ने के दौरान वह भागने लगा। इस दौरान नीचे गिरने से उसके हाथ और पैर में चोट आई है। पुलिस ने आरोपी शकील (27), निवासी राजीव नगर खजराना, के पास से करीब 1 लाख 20 हजार रुपए का मोबाइल और एक पैशन प्लस मोटरसाइकिल (कीमत करीब 90 हजार रुपए) जब्त की है।

## इंदौर के डेली कॉलेज बोर्ड चुनावः नामांकन प्रक्रिया पूरी

# दो श्रेणियों में 11 उम्मीदवारों ने भरा नामांकन, 21 मई को फैसला

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर के प्रतिष्ठित डेली कॉलेज में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। चुनाव कार्यक्रम के तहत बुधवार को नामांकन जमा करने का अंतिम दिन था, जिसमें कुल 11 उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की है।

कॉलेज से मिली अधिकृत जानकारी के अनुसार, इस बार चुनाव दो विशेष श्रेणियों में कराए जा रहे हैं। इनमें 'फाउंडर डोनर' यानी पुराने दानदाता राजघराना श्रेणी से 4 उम्मीदवारों और 'न्यू डोनर' श्रेणी से 7 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं।

चुनावी कार्यक्रम के अनुसार 2 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। इसके बाद 3 मई को उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। इसी दिन यह स्पष्ट हो जाएगा कि चुनाव मैदान में कितने प्रत्याशी शेष रहेंगे।

फाउंडर डोनर श्रेणी में दो पदों के लिए चार उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें



वर्तमान बोर्ड अध्यक्ष विक्रमसिंह पंवार, सदस्य प्रियव्रत सिंह खिलचीपुर, ठाकुर नरेन्द्रसिंह बिडवाल और ठाकुर अनिरुद्ध सिंह दोत्ररिया शामिल हैं।

**न्यू डोनर श्रेणी में सात दावेदार-** न्यू डोनर श्रेणी के एक पद के लिए सात उम्मीदवारों ने दावेदारी पेश की है। इनमें राजेश अग्रवाल, संदीप पारिख, जयेश पटेल, नीरज देसाई, हरपालसिंह भाटिया, गुरमीतसिंह भाटिया और मानवीरसिंह बायस शामिल हैं।

**21 मई को मतदान, उसी दिन परिणाम-** 4 मई से डाक मतपत्र भेजने की प्रक्रिया शुरू होगी। मुख्य मतदान 21 मई को कराया जाएगा। मतदान समाप्त होते ही मतगणना होगी और उसी दिन चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

**चुनाव प्रक्रिया पर विवाद भी गहराया-** बोर्ड गठन की प्रक्रिया विवादों से भी घिरी हुई है। कॉलेज के संविधान में किए गए संशोधनों और चुनाव में देरी को लेकर सदस्यों के बीच असंतोष देखा जा रहा है। विशेष रूप से 'ओल्ड डेलियन्स' श्रेणी को समाप्त कर नई व्यवस्था लागू करने का विरोध हो रहा है।

### एमजीएम कॉलेज ने फार्मासिस्ट को किया बर्खास्त

एमजीएम मेडिकल कॉलेज में डीन के रीडर के साथ मारपीट करने से चर्चाओं में आए फार्मासिस्ट राकेश गोरखे के खिलाफ गंभीर कार्रवाई करते हुए कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया है। यह कदम उनके विरुद्ध मिली शिकायतों और जांच रिपोर्ट के आधार पर उठाया गया है।

**डीन के रीडर से मारपीट के बाद कार्रवाई, अन्य शिकायतों में भी जांच में दोषी पाया गया**

कॉलेज प्रबंधन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राकेश गोरखे के खिलाफ प्राप्त शिकायतों की जांच के लिए एक समिति गठित की गई थी। विस्तृत जांच के बाद समिति ने उन्हें आरोपों में दोषी पाया। इसके आधार पर प्रबंधन ने सख्त निर्णय लेते हुए उनकी सेवाएं समाप्त कर दीं।

**मारपीट का मामला बना मुख्य कारण-** जानकारी के अनुसार, गोरखे ने पिछले साल कॉलेज परिसर में डीन के रीडर भावेश के साथ मारपीट की थी। इस घटना के बाद मामला गंभीर हो गया और उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई। इस घटना को बर्खास्तगी का प्रमुख कारण माना जा रहा है। इस घटना का हाल ही में वीडियो भी वायरल हुआ था।

**मारपीट की घटना के बाद किया गया था सस्पेंड-** मारपीट की घटना के बाद कॉलेज प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गोरखे को सस्पेंड कर दिया था। साथ ही उन्हें शासकीय मनोरोग अस्पताल बाणगंगा में अटैच किया गया था। गोरखे के खिलाफ पूर्व में भी कई शिकायतें दर्ज हो चुकी थीं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रबंधन ने सख्त रुख अपनाते हुए यह कार्रवाई की।

## इंदौर में ईडी ने रुचि अक्रोनी इंडस्ट्रीज पर की कार्रवाई

# 7.76 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से किया अटैच

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जांच कर रही ईडी ने मेसर्स रुचि अक्रोनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड (वर्तमान नाम स्टीलटेक रिसोर्सेज लिमिटेड) की 7.76 करोड़ रुपए मूल्य की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच (कुर्क) कर लिया है। कुर्क की गई इन संपत्तियों में कंपनी के नाम पर दर्ज विभिन्न औद्योगिक और आवासीय भूखंड शामिल हैं।

ईडी की यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों




के तहत की गई है। इस पूरे मामले की जड़ें सीबीआई और एसीबी भोपाल द्वारा दर्ज उस एफआईआर में हैं, जिसमें रुचि अक्रोनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसके संचालकों पर यूको बैंक की इंदौर शाखा को 58 करोड़ रुपए से अधिक का वित्तीय नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। बैंक की शिकायत के मुताबिक, कंपनी ने फर्जी दस्तावेजों और गलत जानकारी के आधार पर करोड़ों रुपए की क्रेडिट सुविधाएं और लेटर ऑफ क्रेडिट हासिल किए थे। प्रवर्तन निदेशालय की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। जांच में सामने आया कि कंपनी ने बैंक से मिली भारी-भरकम राशि का उपयोग उस व्यापारिक उद्देश्य के लिए नहीं किया, जिसके लिए वह ली गई थी। रकम को सोची-समझी साजिश के तहत विभिन्न सहयोगी और समूह की कंपनियों के बैंक खातों में डायवर्ट कर दिया गया।

जांच अधिकारियों के अनुसार, फंड की लेयरिंग करने के लिए कंपनियों का एक जटिल जाल बुना गया था, ताकि पैसे के स्रोत का पता न चल सके। अंततः यह पैसा घुमा-फिराकर उन्हीं संस्थाओं के पास पहुंचा, जिन पर मुख्य आरोपियों का नियंत्रण था। इस पूरी प्रक्रिया के माध्यम से अवैध धन को वैध निवेश के रूप में पेश करने की कोशिश की गई थी।

# कंट्रोल के गेहूं की शिकायत पर छापा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर में राशन के गेहूं की अवैध खरीद-फरोख्त की सूचना पर गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ के एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा ने जिंसी हाट मैदान क्षेत्र की एक दुकान पर दबिश दी। मौके पर गेहूं से भरी गाड़ी मिलने पर उन्होंने जांच करवाई और सैंपल लेकर परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। मनीष शर्मा ने बताया कि मंगलवार को उन्हें सूचना मिली थी कि जिंसी हाट मैदान स्थित दुकान पर कंट्रोल का गेहूं लाया जा रहा है। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे, जहां गेहूं से भरी गाड़ी खड़ी मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तुरंत कलेक्टर कार्यालय और खाद्य विभाग को सूचना दी। इसके बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर गेहूं के सैंपल लिए और जांच के लिए भेज दिए। पूछताछ में दुकानदार आरिफ लाला ने बताया कि गेहूं किसानों और अन्य लोगों से खरीदा गया है। फिलहाल प्रारंभिक जांच में कालाबाजारी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मामले की विस्तृत जांच जारी है। एमआईसी मेंबर ने दुकानदार को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि सामने आती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर वर्मा ने दोपहर में अनाज मंडी में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य जारी है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही। कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज दोपहर लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी पहुंचकर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में चल रही खरीदी प्रक्रिया, तौल व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर वर्मा ने मंडी में आए किसानों से सीधे संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। किसानों ने उपार्जन व्यवस्था को लेकर संतुष्टि व्यक्त की और बताया कि तौल



एवं भुगतान की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है। कलेक्टर वर्मा ने किसान विश्राम गृह का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने कैंटीन में किसानों के साथ बैठकर भोजन भी किया और व्यवस्थाओं की गुणवत्ता पर चर्चा की। कलेक्टर रोशन राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

राज्य शासन के निदेर्शानुसार इंदौर जिले में युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ह्युवा संगमह्व कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला जिला प्रशासन के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 4 मई 2026 को जिला रोजगार कार्यालय परिसर (जिला उद्योग केन्द्र परिसर) इंदौर में 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार कार्यालय के उप संचालक ने बताया कि मेले में अनेक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। इन कंपनियों द्वारा 300 से अधिक रिक्त पदों पर प्रारंभिक चयन किया जाएगा।

## खबर एक नजर...

### राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार के मीडिया संयोजक व प्रवक्ता बने कासलीवाल

**उज्जैन।** मीडिया, सामाजिक कार्यों और जनसंपर्क के क्षेत्र में सक्रिय सचिन कासलीवाल को प्रतिष्ठित संगठन राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन द्वारा उन्हें राष्ट्रीय मीडिया संयोजक और राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर उज्जैन सिटी प्रेस क्लब द्वारा उनका सम्मान किया गया। सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष शैलेन्द्र कुलमी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकार साथियों ने सचिन कासलीवाल का माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर अभिनंदन किया। उपस्थित पत्रकारों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और विश्वास जताया कि वे संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। इस अवसर पर सचिन कासलीवाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए गर्व के साथ-साथ एक चुनौती भी है। वे पूरी निष्ठा से संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। सम्मान समारोह में पत्रकार मयूर अग्रवाल, धर्मेंद्र राठौर, जितेंद्र राठौर, राज जोशी, संदीप मालवी, निलेश मालवी, असलम खान, शकील खान और अशोक महावर सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

### अजाक्स के प्रदेश महासचिव का कर्मचारी संघ ने किया स्वागत

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा द्वारा अजाक्स के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव महेश विरोलिया का भव्य स्वागत किया गया। जिला कार्यालय 16 क्वार्टर पर जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मान समारोह में महेश विरोलिया को महाकाल का दुपट्टा ओढ़ाकर और पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। जिला मीडिया प्रभारी रवि चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संभाग कोर कमेटी अध्यक्ष जीतेन्द्र भाटी उपस्थित थे। इस अवसर पर विशेष रूप से रमेशचंद चांगेसिया, प्रदेश संगठन सचिव मनोहर लाल गोहर, संभाग उपाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार गोसर, जिला सचिव मुकेश रायकवार, जिला उपाध्यक्ष कुन्दन गिरजे, अम्बाराम मालवीय, भारती झांजोट और देवकन्या बाई सहित संघ के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ राधाकृष्ण मंदिर में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

# कतिया समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित पांच दिवसीय महोत्सव में होंगे विविध अनुष्ठान, पहले दिन महामंडलेश्वर ने दिए प्रवचन

### संगमरमर से निखरा 200 वर्ष प्राचीन राधाकृष्ण मंदिर





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कतिया बाखल स्थित लगभग 200 वर्ष प्राचीन श्री राधाकृष्ण मंदिर के भव्य जीर्णोद्धार के बाद बुधवार को पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का उल्लास के साथ शुभारंभ हुआ। कतिया समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित इस महोत्सव के पहले दिन सुबह रामघाट से मंदिर तक भव्य जलयात्रा और कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान मातृशक्ति लाल और पीली चुनरी पहनकर शामिल हुईं। शाम को पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी भागवतनंद गिरि महाराज के मुखारविंद से भक्तिमय भजन और आध्यात्मिक प्रवचन हुए, जिसका समाजजनों ने भावपूर्ण श्रवण किया। समिति के अनुसार यह धार्मिक आयोजन 3 मई तक चलेगा और महोत्सव के दौरान भोजन प्रसादी की व्यवस्था माधव सेवा न्यास भारत माता मंदिर स्थित भोजन शाला में रहेगी।

समिति सदस्य मितेश नागमोतिया ने बताया कि महोत्सव के आगामी कार्यक्रमों के तहत 30 अप्रैल गुरुवार को सुबह नित्य पूजन, अग्नि स्थापना व अन्नाधिवास होगा, वहीं शाम 7 बजे से संत समागम और सामाजिक वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके अगले दिन 1 मई शुक्रवार को सुबह घृताधिवास एवं संस्कृत में सत्यनारायण कथा का मूल पाठ होगा और शाम 7 बजे से इंदौर की सुप्रसिद्ध गायिका जिया परमार की सुमधुर भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 2 मई शनिवार को नित्य पूजन, शर्कराधिवास व फलाधिवास के पश्चात शाम 5 बजे से भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। महोत्सव का समापन 3 मई रविवार को नारद जयंती के पावन अवसर पर होगा। इस दिन सुबह हवन और अनुष्ठान के बाद सिंह स्थिर लग्न में भगवान की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके पश्चात पूर्णाहुति, महाआरती और महाप्रसादी के साथ पांच दिवसीय भव्य आयोजन संपन्न होगा। इस वृहद आयोजन को सफल बनाने में कतिया समाज सेवा समिति के अध्यक्ष फतेहचंद बाघेला पप्पू भैया, उपाध्यक्ष मांगीलाल चंवरासिया, सचिव घनश्याम नागमोतिया, सह सचिव विजय सिंह नागमोतिया, कोषाध्यक्ष बाबुलाल अट्नेरिया सहित सदस्य ओमप्रकाश धर्मपुरिया, नंदकिशोर मालापुरी, सुरेन्द्र सिसोदिया, उमेश अट्नेरिया, संतोष चंवरासिया, घनश्याम चंवरासिया, ओमप्रकाश बड़गोतिया, जगदीश रवि गुजरिया और मितेश नागमोतिया सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आयोजक समिति ने शहर के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

# बैरवा महासभा के 81वें स्थापना दिवस पर समाज को शिक्षित और संगठित होने का आह्वान किया

### किशनपुरा स्थित बालाजी मंदिर प्रांगण में हुआ आयोजन, भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए बांटे सकोरे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




अखिल भारतीय बैरवा महासभा का 81वां स्थापना दिवस जिलाध्यक्ष सुरेंद्र मरमट के नेतृत्व में किशनपुरा स्थित बालाजी मंदिर प्रांगण में मनाया गया। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष राजेश जारवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर, महर्षि संत श्री बालीनाथ महाराज और महासभा के प्रथम संस्थापक अध्यक्ष स्व. मास्टर झुतालाल जारवाल को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया गया।

समारोह में पूर्व महापौर मदनलाल ललावत, पार्षद जितेंद्र कुवाल और जिलाध्यक्ष सुरेंद्र मरमट ने संस्थापक अध्यक्ष के सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने समाजजनों से शिक्षा और एकता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष मरमट ने समाज के हर मोहल्ले में महासभा का विस्तार कर संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया। इस दौरान भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए सकोरे भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश जूनवाल ने किया। आभार कार्यवाहक अध्यक्ष कुलदीप बैंडवाल, महामंत्री राहुल अखण्ड और महेश गोठवाल ने माना। आयोजन में बाबूलाल गोठवाल, महंत दीपक गिरि, पूर्व पार्षद जितेंद्र तिलकर, रामसाही उस्ताद, राजकुमार केरोल, मनीष जाटवा, हरीश ललावत, नवीन डंढेरवाल, सुनील गोठवाल, मनोज नागवंशी, शीला मरमट, मनीष गोमे, अनिल धवन, लालचंद्र जाटवा, प्रिंस लोदवाल, सुशील वाडिया, राजेश भारती, प्रदीप बैंडवाल, यश तिलकर, निखिल गोठवाल और गोपाल वाडिया सहित कई समाजजन उपस्थित थे।

### श्री वल्लभ वैष्णव युवा मंडल के चुनाव निर्विरोध संपन्न, नितिन नीमा बने अध्यक्ष

**उज्जैन।** श्री वल्लभ वैष्णव युवा मंडल की नई कार्यकारिणी के चुनाव सामाजिक न्याय परिसर में निर्विरोध संपन्न हुए। मंडल के संस्थापक विठ्ठल नागर के नेतृत्व में आयोजित बोर्ड मीटिंग में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें नितिन नीमा को अध्यक्ष चुना गया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी में अमर दीसावल को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद का दायित्व अखिलेश नीमा, अमीष नीमा और मनीष सामसिया को सौंपा गया है। इसके साथ ही राहुल नागर सचिव, नितेश नागर सह सचिव, आभास शर्मा कोषाध्यक्ष और रवि राणा सह कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। अन्य दायित्वों में आयुष नागर को जन्मदिन समिति, रत्नेश नीमा को विवाह दिन समिति और सौरभ नागर को रजिस्ट्रेशन का प्रभार सौंपा गया है। इस अवसर पर आनंद पुरोहित, जयेश श्रॉफ, विशाल नीमा, हेतल शाह, अमित नागर और नूपुर नीमा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। नई कार्यकारिणी के निर्विरोध निर्वाचन पर समस्त मंडल सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।

# ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुआ दो दिवसीय स्वामी पुरसनाराम साहिब का मेला

### निकली 151 महिलाओं की भव्य कलश शोभायात्रा का हुआ आत्मीय स्वागत

### कटनी और इंदौर के संतों के सानिध्य में गूंजे भजन, देश-विदेश से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के अब्दालपुरा स्थित ब्राह्मण गली में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी योगीराज 1008 स्वामी पुरसनाराम साहिब साध हथूंगे वालों का वार्षिक मेला बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ शुरू हो गया है। 108 साध रतूराम साहिब के स्मरण में आयोजित इस दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन बुधवार को दरबार साध पुरसनाराम साहिब स्वामी पुरसनाराम धाम में कई धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए।

संतों ने पैदल चलकर दिया भक्तों को आशीर्वाद

सेवक दीपक राजवानी ने बताया कि बुधवार सुबह 9.30 बजे जयपुर के साध मुकेश जी द्वारा झंडा साहब की सेवा कीर्तन के साथ ध्वज चढ़ाया गया। इसके पश्चात प्रातः 10.30 बजे तपती धुप गर्मी में 151 महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा अब्दालपुरा से शुरू होकर खजूर वाली मस्जिद, गीता कॉलोनी, झूलेलाल मंदिर जहां पर संतो द्वारा आरती की गई और मोदी का चोपड़ा होते हुए लीलाशाह धाम सिंधी धर्मशाला पर समाप्त हुई। ढोल, बैंड बाजे, घोड़े, बग्गी और डीजे के साथ निकली इस यात्रा का नेतृत्व साध मुकेश जी ने किया। वे पैदल चलते हुए सभी भक्तजनों को आशीर्वाद दे रहे थे। मार्ग में जगह-जगह मंच बनाकर संतों और यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस धार्मिक मेले में देश-विदेश से सैकड़ों भक्त साध मुकेश जी का आशीर्वाद लेने के लिए पधार चुके हैं।

बुधवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक भंडारा, शाम 7 से 9 बजे तक सांझा शेवा, रात 9 से 11 बजे तक पुनः भंडारा और रात 11 से 2 बजे तक भजन सत्संग संपन्न हुआ। भजन और सत्संग का आयोजन स्वामी पुरसनाराम धाम दरबार साध पुरसनाराम साहिब के सामने ब्राह्मण गली अब्दालपुरा में किया जा रहा है। वहीं, भंडारे का आयोजन गीता कॉलोनी चोपड़ा स्थित स्वामी लीलाशाह धर्मशाला में हो रहा है।

### आज रातभर चलेगा सत्संग, कल सुबह होगा समापन

आयोजन समिति के अनुसार गुरुवार 30 अप्रैल को दोपहर 1 से 3 बजे तक भंडारा, शाम 7 से 9 बजे तक सांझा शेवा, रात 9 से 11 बजे तक भंडारा और रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक भोर का भजन सत्संग चलेगा। इसके पश्चात 1 मई शुक्रवार को सुबह 6 बजे दुआओं के पल्लव की रस्म के साथ मेले का विधिवत समापन किया जाएगा।

### संत और मशहूर कलाकार बढ़ा रहे मेले की शोभा

इस धार्मिक आयोजन में संत और मशहूर कलाकार उपस्थित रहकर मेले की शोभा बढ़ा रहे हैं। इनमें कटनी की बालक मंडली से भाई गोरधन एवं दिलीप उदासी और इंदौर से साध गुरमुखदास सहित अन्य गुणी व ज्ञानीजन शामिल हैं। इस वृहद आयोजन की व्यवस्था साध पुरसनाराम साहिब सेवा मंडल उज्जैन द्वारा की जा रही है।

## खबर एक नजर...

### अभिभाषक संघ द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट अवनी व्यास का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया

**बड़नगर।** न्याय पालिका की गरिमा एवं पारस्परिक सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अभिभाषक संघ बड़नगर द्वारा छिंदवाड़ा से स्थानांतरित होकर आईं न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री अवनी व्यास के सम्मान में सोमवार को अभिभाषक संघ कक्ष में एक सुसंगठित एवं गरिमामय स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष करण रंजीत राठौड़ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सुश्री अवनी व्यास का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उनके सफल, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम बिलास गुप्ता, न्यायिक अधिकारीगण ऋचा गोयल बंसल एवं गौरव चौरसिया की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक विशिष्ट बना दिया। अपने संबोधन में न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री अवनी व्यास ने अभिभाषक संघ द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सौहार्दपूर्ण आयोजन न्यायिक परिवार के बीच सकारात्मक संबंधों को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने अपेक्षा जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार के स्वागत एवं संवाद के कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहें, जिससे आपसी समन्वय एवं सहयोग की भावना और अधिक प्रबल हो सके। कार्यक्रम में संघ के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अभिभाषकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। सभी ने नवागत न्यायिक मजिस्ट्रेट के स्वागत के साथ न्याय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं सौहार्दपूर्ण बनाने की आशा व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश त्रिवेदी एवं आभार प्रदर्शन पियूष श्रीवास्तव ने किया। जानकारी मीडिया प्रभारी दिलनवाज खान द्वारा दी गई।

# विश्व शांति के लिए उज्जैन में हुआ शिवशक्ति महायज्ञ, 1108 बार गूंजी हनुमान चालीसा

### युद्ध विभीषिका के बीच मानवता की रक्षा के लिए जुटे श्रद्धालु, संतों ने दिया आशीर्वाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



धार्मिक नगरी उज्जैन में विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना के साथ शिवशक्ति महायज्ञ एवं संगीतमय 1108 हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ श्रद्धापूर्वक संपन्न हुआ। विश्व में जारी युद्ध की विभीषिका और पीड़ित मानवता की रक्षा के उद्देश्य से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर शांति की प्रार्थना की।

चामुंडा माता मंदिर के सामने स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक यज्ञ और पाठ के रूप में चला। इसके पश्चात दोपहर 3:30 बजे से हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का शुभारंभ हुआ। इस दौरान पूरा परिसर भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। आयोजन में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंद गिरी महाराज एवं आचार्य पूज्य श्री अखिलेश महाराज का पावन आशीर्वचन प्राप्त हुआ। इस वृहद आयोजन को श्री नारायण यादव दादा दयालु, क्षेत्रीय सांसद श्री अनिल फिरोजिया और विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा का विशेष संरक्षण एवं सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम संयोजक दीपक बेलानी, रेखा चंदेल एवं अक्षता यादव के साथ ही आयोजन समिति के सदस्य रवीना चौहान, मयूरी जैन, श्वेता चौहान, भारती वर्मा, ज्योति स्वामी, राजेश्वरी मीणा, हेमा यादव, दिव्या राठौर, सुकृति व्यास, स्वाति फटाले, शोभा यादव, मीता दीदी, संजू यादव, गीता यादव, पिंकी यादव, नमिता वर्मा और श्रवण सिंह दरबार के नेतृत्व में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## कार्यक्रम समापन के अवसर पर 20 मई को होगा विशाल भंडारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शिप्रा नदी के समीप स्थित चक्रतीर्थ श्मशान घाट पर 21 दिवसीय धार्मिक आयोजन के अंतर्गत दुर्लभ एवं कठोर ‎ह्लअष्टधूनी तपस्याह्व का आयोजन किया जा रहा है। यह तपस्या 29 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर 19 मई 2026 तक चलेगी, जबकि 20 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन अघोर अखाड़ा एवं श्री सेनापति काल भैरव गौ सेवा संगठन, उज्जैन के तत्वावधान में संपन्न होगा। तपस्या खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी बिष्णु नाथ जी महाराज द्वारा की जाएगी, जो विश्व प्रसिद्ध तांत्रिक अघोरी बाबा श्री योगी बम बम नाथ जी महाराज के शिष्य हैं। योगी बिष्णु नाथ जी महाराज पिछले कई वर्षों से 12 वर्षीय अखंड खड़ेश्वरी अघोर तपस्या कर रहे हैं और निरंतर खड़े रहकर साधना में लीन हैं। संगठन राष्ट्रीय महामंत्री रवि चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि अष्टधूनी तपस्या सनातन धर्म में हठयोगी साधुओं द्वारा की जाने वाली अत्यंत कठिन अग्नि साधना मानी जाती है। इस तपस्या में साधक अपने चारों ओर आठ दिशाओं में अग्नि धूनी प्रज्वलित करते हैं, जबकि नौवां स्थान सूर्य देव को समर्पित माना जाता है। साधक भीषण गर्मी में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक अग्नि के मध्य बैठकर अथवा खड़े रहकर ध्यान एवं तपस्या करते हैं।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ का आवहान, उज्जैन जिला सहित सभी इकाइयों के पत्रकार करेंगे भोपाल कूच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ 1 मई अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने की मांग को लेकर भोपाल में प्रांतव्यापी प्रदर्शन करने जा रहा है। न्यू मार्केट स्थित समन्वय भवन में 1 मई को दोपहर 11:30 बजे आरम्भ होने वाली रैली में मध्यप्रदेश के सभी जिलों से हजारों श्रमजीवी पत्रकार शामिल होंगे। इस प्रांत व्यापी रैली वह प्रदर्शन में उज्जैन संभाग के सभी जिलों से सैकड़ो पत्रकार राजधानी भोपाल के लिए कूच करेंगे। श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. राहुल कटारिया एवं महासचिव डॉ. घनश्याम शर्मा के अनुसार संघ के आह्वान पर इस बार प्रदेश भर के कलमकार आर- पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहे हैं। पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर सरकारों द्वारा घोषणाएं व वादे तो कर दिए जाते हैं लेकिन जमीनी स्तर पर इसे लागू करने में हर बार विलंब होता है। ऐसे में संघ के प्रांत अध्यक्ष शलभ भदौरिया जी के नेतृत्व में प्रदेश भर के पत्रकार भोपाल में जूटेंगे और अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

उज्जैन जिले के सभी ब्लॉकों के पत्रकार माधव नगर रेलवे स्टेशन मार्ग नीलगंगा स्थित जिला कार्यालय पर सुबह 7 बजे एकत्रित होंगे और यहां से कारों में भोपाल के लिए रवाना।

रैली समिति के संयोजक रिजवान अहमद सिद्दीकी, सह संयोजक एवं प्रदेश महासचिव सुनील त्रिपाठी प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीपसिंह भदौरिया सदस्यता समिति के संयोजक सरलप्रताप सिंह भदौरिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिशुपाल सिंह तोमर आदी ने पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग पर एक जुट होकर रैली में शामिल होने की अपील की है । महासचिव सुनील त्रिपाठी के अनुसार रैली में मध्यप्रदेश विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्रसिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री गोविंदसिंह राजपूत सहित नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को आमंत्रित किया है । रैली के पूर्व सभी पत्रकार साथी समन्वय भवन में एकत्रित होंगे । तत्पश्चात ठीक एक बजे सभी साथी अपने अपने जिलों के बैनर लिए न्यू मार्केट की मुख्य सड़क से होते हुए टीटी नगर थाने के सामने से होते हुए रंगमहल चौराहे से रोशन पूरा चौराहे पहुंच कर धरना देंगे।

## कंठाल-गोपाल मंदिर मार्ग: विशालकाय पेड़ों से मकानों में आ रहीं दरारें

### पीपल और वट वृक्षों की जड़ों से इमारतों को भारी नुकसान, रहवासियों ने दिया वास्तु दोष का भी हवाला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के कंठाल से गोपाल मंदिर मार्ग पर लगे विशालकाय पीपल और वट वृक्षों के कारण स्थानीय रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन पेड़ों की गहरी और अंदर ही अंदर दूर तक फैलने वाली जड़ों के कारण आसपास के मकानों और दुकानों की दीवारों में दरारें आ रही हैं। रहवासियों ने नगर निगम के अधिकारियों से इन पेड़ों की जल्द से जल्द कटाई-छंटाई कराने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वे कई बार अपने मकानों की दीवारों की मरम्मत करवा चुके हैं, लेकिन जड़ों के लगातार फैलाव के कारण दीवारों में दोबारा दरारें आ जाती हैं। एक रहवासी ने बताया कि जड़ों से हो रहे नुकसान के कारण पिछले 10 सालों में उन्हें अपनी दीवार की तीन बार मरम्मत करवानी पड़ी है, जिसे देखकर ही नुकसान का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसके अलावा पेड़ों की विशाल शाखाओं की वजह से बिजली आपूर्ति भी बाधित होती है।

रहवासियों का कहना है कि वर्तमान में लोग स्वेच्छा से अपने मकान हटा रहे हैं और नगर निगम ने अभी अपनी तरफ से मकान उतारने का कार्य शुरू नहीं किया है। ऐसे में निगम के पास पर्याप्त संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग कर वे तुरंत इन पेड़ों की कटाई-छंटाई का काम शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा, रहवासियों ने इस समस्या में वास्तु शास्त्र का भी हवाला दिया है। उनका कहना है कि इन विशाल पेड़ों की छाया सीधे मकानों पर पड़ती है, जिसे वास्तु के हिसाब से दोष माना जाता है। संपत्तियों को लगातार हो रहे नुकसान, हादसों की आशंका और वास्तु दोष को देखते हुए स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन से इस समस्या के त्वरित निराकरण की अपील की है।

### सेन समाज संगठन की मांग, कान्हा सेन को सौंपें केश शिल्पी बोर्ड की कमान

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश सेन समाज संगठन ने समाज के सशक्त युवा नेता कान्हा सेन इंगोरिया को मध्य प्रदेश राज्य केश शिल्पी बोर्ड का अध्यक्ष बनाने की मांग की है। संगठन और भारतीय जनता पार्टी में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके कान्हा सेन की नियुक्ति के लिए प्रदेशभर के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से पुरजोर अनुशंसा की है।

इस मांग का समर्थन करते हुए प्रदेश संरक्षक भरत भाटी उज्जैन, प्रदेश अध्यक्ष अशोक सोलंकी उन्हेल, युवा मोर्चा उज्जैन के जितेन्द्र सेन सारोला, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी कुलदीप वर्मा उज्जैन, युवा प्रदेश अध्यक्ष बालकृष्ण वर्मा देवास, पार्षद राज वर्मा देवास, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल परमार देवास, नगर अध्यक्ष अनिल वर्मा देवास, वरिष्ठ जिलाध्यक्ष गणेश परिहार, बजरंग दल संयोजक दिलीप टांकवाल इंदौर, गौरी शंकर वर्मा आष्टा सीहोर, पवन सेन आष्टा, भाजपा नेता लखन परमार इंदौर और सुभाष भाटिया सांवेर ने मुख्यमंत्री से जल्द नियुक्ति की अपील की है।

इनके अलावा प्रदेश सचिव परमानंद पड़ियार धार, जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिसोदिया धार, डॉ. ओमप्रकाश परमार धार, जिलाध्यक्ष घनश्याम भाटी झाबुआ, प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप सेन झाबुआ, हरीश सेन मनावर, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता शम्भू सेन मंदसौर, राकेश सेन सम्राट् मंदसौर, जिलाध्यक्ष बलराम राठौर मंदसौर, पार्षद जुगलकिशोर सुसनेर, जिलाध्यक्ष घनश्याम सेन शाजापुर, मणीशंकर वर्मा शाजापुर, को अध्यक्ष बनाए जाने का समर्थन किया है।

### नवनियुक्त अध्यक्ष ने गौ माता की सेवा कर काम की शुरूआत

# निशांत यादव एवं रोहित मित्तल मंडल ने सेवा भाव के साथ किया अध्यक्ष का सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



रिंग रोड स्थित तिलकेश्वर गौशाला में नवनियुक्त विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद डॉ. सोलंकी ने मंगलवार शाम पदभार ग्रहण किया और अगले ही दिन गौ माता की सेवा कर अपने कार्य की शुरूआत की। उन्होंने गौ माता को चना खिलाकर आशीर्वाद लिया तथा गौ सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर निशांत यादव एवं रोहित मित्तल मंडल द्वारा डॉ. रवि सोलंकी का महाकाल का दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बड़े भाई एवं समाजसेवी नारायण यादव उपस्थित थे। आयोजन के दौरान आतिशबाजी, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ उपस्थितजनों ने नवनीत अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। रोहित मित्तल ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उज्जैन विकास प्राधिकरण जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी एक समाजसेवी व्यक्तित्व को सौंपना सराहनीय कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. रवि सोलंकी के नेतृत्व में उज्जैन के विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी। साथ ही समाज सेवा की भावना से प्रेरित होकर उनका स्वागत किया गया है और आगे भी सभी मिलकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक छोटे से कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि वे पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे तथा उज्जैन के विकास के लिए समर्पित रहेंगे। उन्होंने कहा कि गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत सराहनीय है और उन्हें भी सेवा का अवसर मिला।

# बाजना थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक की मौत

## तीन साल पहले हुई शादी

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

जिले के बाजना थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। रात भर जब युवक घर नहीं पहुंचा तो बुधवार सुबह परिजनों ने तलाश किया तो शव सड़क मार्ग पर मोड पर पेड़ के पास मिला। मृतक का नाम ईश्वर डोडियार निवासी भडानखुर्द है। सुबह सूचना मिलने पर बाजना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। परिजन भी मौके पर पहुंचे शव की शिनाख्त कर बाजना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों के अनुसार ईश्वर मंगलवार को ग्राम देवली में नोतरे (शादी के कार्यक्रम) में गया था। देर रात तक घर नहीं लौटा। बुधवार सुबह उसकी तलाश शुरू की। तब पता चला कि वह हादसे का शिकार हो गया है।



### सुबह 5 बजे निकला था

जानकारी में सामने आया है कि युवक बुधवार सुबह 5 बजे ग्राम देवली से बाइक से निकला था। बाजना-कुशलगढ़ मार्ग पर स्थित एक मोड़ पर बाइक का बैलेंस बिगडने से वह पेड़ व पत्थरों के बीच जा टकराया। इससे गंभीर घायल होकर गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। बुधवार दोपहर पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा। पुलिस घटनाक्रम की जांच में जुटी है।

मृतक ईश्वर की शादी करीब ३ साल पहले हुई थी। वह खेती-किसानी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। अचानक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल है। बाजना थाना प्रभारी मनीष डाबर ने बताया कि प्राथमिक जांच में पेड़ व पत्थरों से बाइक टकराने के कारण मौत का कारण सामने आया है। मर्ग कायम कर घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

# ग्राम कुरावन में रात्रि चौपाल- कलेक्टर ने बिछात पर बैठकर सुनी जनसमस्याए

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर



जिले के सुदूर ग्राम कुरावन में कलेक्टर अदिति गर्ग ने रात्रि चौपाल का आयोजन किया। ग्रामीण परिवेश के बीच जमीन पर बैठकर कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना।

कलेक्टर ने चौपाल के दौरान एक-एक ग्रामीण से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने ग्राम में सकारात्मक वातावरण और विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत स्थानीय समस्याओं के निराकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है।

चौपाल में ग्रामीणों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ करने, नवीन पंचायत भवन निर्माण, सड़कों की मरम्मत, नाली निर्माण, बिजली व्यवस्था सुधार, राजस्व ग्राम घोषित करने, बैंक सुविधा उपलब्ध कराने, स्व-सहायता समूहों को रोजगार से जोड़ने तथा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन जैसी विभिन्न मांगें रखी गईं।

कलेक्टर ने सभी समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही चर्चा कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर ने आंगनवाड़ी कार्यकताओं से भी चर्चा की और टेक होम राशन का नियमित वितरण सुनिश्चित करने, कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें एनआरसी में भर्ती कर उपचार कराने तथा आगामी 7 दिनों में विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी व ग्रामीण महिलाएं-पुरुष उपस्थित रहे।



# मेडिकल कॉलेज में स्ट्रेचर एवं सिटिंग चेयर प्रदान की गई

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

पीड़ित मानवता की सेवा के उद्देश्य को लेकर बुधवार को गर्वित गोखरू फाउंडेशन के तत्वाधान में डॉ लक्ष्मी नारायण शासकीय मेडिकल कॉलेज, रतलाम में सेवा भावना के उद्देश्य से 10 स्ट्रेचर एवं 10 गार्डन चेयर प्रदान की जो कि मेडिकल कॉलेज में उपयोग में आएगी। पूर्व में फाउंडेशन द्वारा एक वाटर कूलर का भी संचालन भी मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है।मेडिकल कॉलेज डीन डॉ श्रीमती अनीता मुथा ने फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे हैं प्रयासों की सराहना की साथ ही आपने यह संसाधन प्रदान करने के लिए फाउंडेशन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस सेवा कार्य में फाउंडेशन के संचालक एवं विशेष सहयोगी श्री ऋषभ महेंद्र पावेचा द्वारा स्ट्रेचर एवं चेयर की संपूर्ण व्यवस्था की गई, साथ ही फाउंडेशन संचालक श्री विनीत विजय पिपाड़ा द्वारा पूरे कार्य की देखरेख की गई। इस अवसर पर फाउंडेशन संचालक गर्वित गोखरू के साथ डॉ. अनीता मुथा (डीन), डॉ. प्रदीप कुमार मिश्रा (अधीक्षक), डॉ. पवन कुमार शर्मा (सह अधीक्षक), डॉ. अंकित शर्मा (प्रबंधक), मयंक पांडेय सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ एवं फाउंडेशन के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



# सार्वननिक स्थानों पर मदिरापान के विरूद्ध कार्यवाही

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन में तथा सहायक आबकारी आयुक्त डॉ. शादाब अहमद सिद्दीकी के मार्गदर्शन में रतलाम आबकारी की टीमों द्वारा रतलाम शहर के साथ-साथ जिले मे अन्य नगरों मे भी संचालित कंपोजिट मदिरा दुकानों के आसपास खड़े होकर शराब पीने एवं गंदगी फैलाने वालो के विरुद्ध कार्रवाई की गई।अभियान के अंतर्गत रतलाम शहर की शराब दुकानों - महू बस स्टेण्ड, शहर शराय, सज्जन मिल, बड़बड़, साला खेड़ी, पावर हाउस, स्टेशन रोड दुकानों एवं जावरा, सैलाना, नामली, आलोटइ नगरों में भी शराब दुकानों पर सघन चेकिंग की गई तथा दुकान के आसपास रोड पर एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई । रतलाम शहर में 4, जावरा में 2, परगना में 3, सैलाना में 3, आलोट में 2 कुल 14 प्रकरणइ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किए गए। सहायक आयुक्त डॉ. शादाब अहमद सिद्दीकी ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा जिले में नियमित रूप से सार्वजनिक स्थानों पर मदिरापान करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है ।

# कलेक्टर ने क्षीरधारा और राहगीर अभियान का किया निरीक्षण, पशुपालकों से किया संवाद

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

कलेक्टर अदिती गर्ग ने विकासखंड गरोठ के क्षीरधारा ग्राम बर्डिया पूना का निरीक्षण कर वहां के पशुपालकों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने एचएफ जर्सी गायों एवं दुधारू भैंसों का अवलोकन कर पशुपालन से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

दुग्ध समृद्धि अभियान के तहत कृत्रिम गभार्धान को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कलेक्टर ने किसानों से अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने की अपील की। साथ ही उन्होंने गांव के पशुपालकों को सांची सहकारी संघ से जुड़ने के लिए प्रेरित किया, जिससे दुग्ध उत्पादन को बेहतर बाजार मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम बर्डिया पूना में ही पंचायत द्वारा निर्मित मवेशियों एवं पशु-पक्षियों के लिए बनाए गए पेयजल होद का अवलोकन किया और इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निर्मित तालाब का भी कलेक्टर ने निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब की गहराई बढ़ाने एवं उसके चारों ओर पौधारोपण करने के निर्देश दिए। लगभग 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित इस तालाब को विशेष रूप से सिपरी द्वारा सुझाई गई लोकेशन के आधार पर तैयार किया गया है। इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम पंचायत देवरी में नव निर्मित मॉडल पंचायत भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन के विभिन्न हिस्सों जैसे हाल, किचन एवं वेटिंग रूम का अवलोकन किया। साथ ही भवन में स्थापित रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एवं रिचार्ज पीट की भी जानकारी ली। गरोठ विकासखंड में संचालित राहगीर अभियान का भी कलेक्टर ने फील्ड में जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने अभियान के तहत हटाए गए अतिक्रमण की सराहना करते हुए किसानों से संवाद किया।



कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन लोगों ने अतिक्रमण हटाने में सहयोग किया है, उनके नाम की शिलापट्टिका लगाई जाए, ताकि अन्य लोग भी प्रेरित हों। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 33 वर्षो की सराहनीय सेवा प्रदान कर शिक्षक जाटोलिया आज होंगे सेवानिवृत

**पिपलिया मंडी।** मिलनसार हंसमुख तथा कुशल नेतृत्व के धनी निनोरा निवासी गरीब परिवार के श्री बद्रीलाल जाटोलिया शिक्षा विभाग में शिक्षक पद पर सेमली,सनावदा, जेतपुरा व खंखराई गांवो में 33 वर्षा तक सराहनीय सेवा प्रदान कर आज 30 अप्रैल 2026 गुरुवार को एकीकृत शा मा विद्यालय खंखराई से 19 वर्षों तक रह कर सेवानिवृत्त होंगे। आपकी 33 वर्षों की सेवा में विशेषता यह रही कि आपके द्वारा दी गई शिक्षा से कोई सीआरपीएफ में, कोई शिक्षक, कोई ग्राम पंचायत में, बैंक व पुलिस में सेवारत हैं, साथ ही सभी विद्यालयों में कभी कोई ना तो गांव वालों की शिकायत रही और ना ही छात्र-छात्राओं की। सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में 29 अप्रैल 2026 बुधवार को टोल टैक्स के पास पाटीदार होटल में श्री जाटोलिया के स्वागत कार्यक्रम रखा गया जिसमें शिक्षा विभाग के गांव निनोरा के तथा परिवार जनों ने जाटोलिया का भव्य स्वागत किया और उज्जवल भविष्य की कामना करी।

## भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजु नागदा मोडी की नियुक्ति

नीमच। जिले के भारतीय जनता पार्टी के जावेद क्षेत्र के जमीनी कार्यकर्ता राजू नागदा मोदी को भाजपा किसान मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गयाद्य प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल की सहमति से मध्यप्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने जावद विधानसभा क्षेत्र 230 के छोटे से ग्राम मोडी निवासी राजु नागदा मोडी को नीमच जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति से कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त हो गया है। जावद भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं सहित सुरेश जगत के मित्रों ने भी बधाई देते हुए शुभकामनाएं व्यक्ति की है सहित जावद भाजपा के युवाजनों ने नवनियुक्त किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजु नागदा मोडी को फोन लगाकर जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। भाजपा कार्यकताओं ने कहा की राजू भई के साथ 2 दशक वर्षों पहले भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष काम करने का मौका मिला था । उस वक्त राजु नागदा मोडी, कांग्रेस शासन से डरे नही डटकर सामना करके मुंह तौड जवाब दिया था और तन, मन, धन से भाजपा का कार्य किया और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी, उस पल को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पार्टी नेता कार्यकर्ता सहित जिले भर के युवाओं में हर्ष की लहर व्याप्त हो गई है।

## बस की टक्कर से घायल एक बुजुर्ग व्यक्ति की अस्पताल में मौत

**नीमच।** जिले मे तेज गति व लापरवाही पूर्वक अनियंत्रित गति से वाहन चलाने से एक और दुर्घटना घटित हुई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई शहर के नीमच सिटी थाना क्षेत्र के भरभड़िया रोड पर तेज गति मे जा रही बस ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक अहमद हुसैन कुरैशी पिता मोहम्मद उमर कुरैशी, निवासी छिपा मोहल्ला जावद, नीमच की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही सैय्यद बस क्र एम पी 14 एम एन 0446 के चालक ने तेज गति और लापरवाही मे टक्कर मार दीं जिससे वे गंभीर घायल हो गए।घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायल को तत्काल नीमच अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। इसके बाद शव को जिला अस्पताल ले जाकर पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने बस को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सूने मकान को बदमाशों ने बनाया निशाना, तांबे-पीतल के बर्तन चोरी

रतलाम। शहर के माणकचौक थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहन टॉकीज क्षेत्र में बीते मंगलवार को चोरी की एक वारदात सामने आई है। यहाँ एक सूने कच्चे मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने घर में रखे पुराने बर्तनों पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी मुकेश शर्मा पिता बालेश्वर शर्मा (निवासी 13, हरीराम दरवाजा, मोहन टॉकीज) के सूने मकान को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया। घटना उस वक्त हुई जब घर पर कोई मौजूद नहीं था। परिजनों ने बताया कि जब वे वापस लौटे, तब उन्हें घर में हुई चोरी का पता चला।बदमाशों ने घर में रखे तांबे और पीतल के पुराने बर्तनों पर हाथ साफ किया है। चोरी गए सामान में तांबे-पीतल की परात, डिब्बे और हंडे (डेगची) जैसे बर्तन शामिल हैं।

## खबर एक नजर...

### लोक अदालत के वाहन को न्यायाधीश ने हरि झंडी दिखाकर किया रवाना

सनावद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निदेर्शानुसार नैशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया किया गया न्यायाधीश महोदय असलम दहलवी साहब एवं योगेश चालीसा साहब द्वारा कहा की नेशनल लोक अदालत वाहन को सम्पूर्ण नगर ग्रामीण क्षेत्र में जाकर विस्तृत प्रचार प्रसार किया जाए ताकि लोगो को नेशनल लोक अदालत के बारे में मालूम हो आमजन को न्यायाधीश ने कहा लोक अदालत में छोटे मोटे लड़ाई झगड़े पति पत्नी विवाद प्री लिटिगेशन मामले चेक बाउंस के मामले जल कर संपत्ति कर नगर पालिका के मामलों में छूट दी जाती हे आप सब लाभ लेवे सम्माननीय अधिवक्ता गण कहा कि लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों में राजीनामे करे लोक अदालत को सफल बनाए अभिभाषक संघ अध्यक्ष महोदय द्वारा गणेश मालवीय ने कहा की राजीनामा योग्य प्रकरणों में राजिनामे कराने हेतु अधिक से अधिक प्रयास किया जाएगा।

### जनाक्रोश रैली निकालकर 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

करही। नगर में नाबालिग सोहन जाधव उम्र 15 वर्ष की हत्या के बाद सकल हिन्दू समाज में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। मंगलवार को सकल हिन्दू समाज द्वारा जनाक्रोश रैली निकालकर मुख्यमंत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी के नाम ८ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम पूर्वा मंडलोई को सौंपा गया। रैली में विधायक राजकुमार मेव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, बंजारा समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नगर व आसपास के ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान च्हत्यारे को फांसी दोज्ञ और अपराधियों का घर जमींदोज करो जैसे नारे लगाए गए।गौरतलब है कि कुछ दिन पहले मात्र 150 रुपए के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में रामदड़ निवासी नाबालिग सोहन जाधव की शानू खान द्वारा कथित रूप से बेरहमी से पिटाई की गई थी, जिससे उसकी मौत हो गई। मंगलवार को दोपहर ३ बजे समाज के लोगों ने करही बाजार बंद करवाया। इसके बाद शाम ४ बजे अटल चौक पर एकत्र होकर सोहन जाधव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

### भूकंप पूर्व तैयारी एवं आपदा जोखिम पर दिया गया पांच दिवसीय प्रशिक्षण


बड़वानी। कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह द्वारा दिये गये निदेर्शों के पालन में बुधवार को गौतम मेरिज हॉल में भूकंप पूर्व तैयारी एवं आपदा जोखिम न्यूनिकरण कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय ध्वस्त ढांचा खोज व बचाव कार्य प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। जिसमे प्रथम दिन सभी पंजीकृत उपस्थित प्रतिभागियों को भूकंप आपदा के बारे में जिला सेनानी शरद राय द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई स इस दौरान पर मुकेश मीणा सहित एसडीआरएफ के जवान तथा प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

### म.प्र. अजाक्स के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष लश्करी का स्वागत

रतलाम। म.प्र. अजाक्स के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर लश्करी का मंगलवार को जिला चिकित्सालय में विभिन्न कर्मचारी यूनियनों के पदाधिकारियों ने स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया।इस अवसर पर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष शरद शुक्ला, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रवि गुर्जर, सचिव दुष्यंत पुरोहित, नर्सिंग एसोसिएशन की संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मीना पाटिल, जिला अध्यक्ष श्रीमती बबीता ठाकुर, वरिष्ठ मेट्रन श्रीमती उर्मिला मसीह, श्रीमती कुसुम सिंह, हंसा मालवीय, जीनत स्टीफन, श्रीमती लुइजा एनसलेम, रानी खान, श्रीमती दीप नीलिमा धुलिया, कुमारी मनीषा गरवाल, श्रीमती अंजू कैथवास, श्रीमती सुनीता चौधरी, जिला खाद्य अधिकारी कमलेश जमरा, डॉ. गौरव बोरीवाल, डॉ. शिरीष मेहरा, प्रकाश खपेड़, विवेक अहीरवाल, उमेश वर्मा, सुनील वर्मा, सुरपाल चारेल आदि उपस्थित थे।

## बुरहानपुर में भीषण गर्मी के बीच बिजली कंपनी की अनूठी पहल: ट्रांसफार्मरों पर लगाए कूलर

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर



शहर में बढ़ती गर्मी के मद्देनजर पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नई पहल की है। कंपनी ने अपने बिजली ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए उन पर कूलर लगाए हैं।

अप्रैल माह में ही बुरहानपुर का अधिकतम तापमान ४३ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम २७ डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इस अत्यधिक गर्मी के कारण पहले ट्रांसफार्मरों का तापमान बढ़ जाता था, जिससे लाइन ट्रिप होने या ट्रांसफार्मर बंद होने की समस्या आती थी और बिजली आपूर्ति बाधित होती थी।पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के शहर अभियंता रंजीत कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार की योजना के तहत बुरहानपुर शहर में दो नई ग्रिड का निर्माण हुआ है, जिससे निरंतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक तापमान के कारण पावर ट्रांसफार्मरों का तापमान काफी बढ़ जाता है। इसे नियंत्रित करने और ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए प्रत्येक ट्रांसफार्मर पर कूलर लगाए गए हैं। रंजीत कुमार के अनुसार, उपभोक्ताओं को गर्मी के दिनों में किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए निरंतर रखरखाव का काम भी चल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कूलर न लगाने पर ट्रांसफार्मर का तापमान बढ़ने से ट्रिप होने की समस्या बनी रहती, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित होती। इस पहल से ट्रांसफार्मरों का तापमान नियंत्रित रह रहा है, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल रही है। उपभोक्ता अपने घरों में कूलर और एसी का उपयोग कर पा रहे हैं।

## पटेल को मिलेगा 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार

ब्रह्मास्त्र ›› बड़वानी

सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को गोल्डन ऑवर (दुर्घटना के तुरंत बाद का महत्वपूर्ण समय) में अस्पताल पहुँचाकर उनकी जान बचाने वाले सजग नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार की राह-वीर योजना-2025 के तहत राहवीर को प्रोत्साहन स्वरूप अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र दिए जाने का प्रावधान है। इसी कड़ी में, परिवहन आयुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश द्वारा बड़वानी के राह-वीर ग्राम फत्यापुर निवासी श्री विकास पिता राकेश पटेल को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। 8 नवंबर 2025 को ग्राम मण्डवाड़ा में एक सड़क दुर्घटना हुई थी, जिसमें ग्राम साकड़ निवासी श्री विक्रम पिता भुवानसिंह डावर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मौके से गुजर रहे श्री विकास पिता राकेश पटेल ने अपने निजी वाहन से घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में सिविल अस्पताल अंजड़ा में उपचार हेतु पहुंचाया। उनकी इस समयबद्ध मदद के कारण घायल व्यक्ति को समय पर ईलाज मिला एवं उसके कारण उसकी जान बच गई। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बड़वानी श्रीमती जयति सिंह के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय अप्रेजल कमेटी द्वारा श्री विकास पटेल के नाम का प्रस्ताव राज्य सड़क सुरक्षा समिति (लीड एजेंसी) को भेजा गया था।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 का आयोजन किया जाएगा

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर

मध्य प्रदेश शासन के खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 1 से 31 मई 2026 तक 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह 2026' का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जिले के १२ खेल प्रशिक्षण केंद्रों पर छात्र-छात्राओं के लिए जिला और विकासखंड स्तर पर होगा।

इस आयोजन को लेकर मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में सीएसपी और जिला खेल युवक कल्याण अधिकारी गौरव पाटिल ने एक समीक्षा बैठक की। बैठक में बुरहानपुर और खकनार विकासखंड की विभिन्न खेल संस्थाओं, खेलकूद विकास समिति, हनुमान व्यायामशाला, जिला वॉलीबॉल संघ, जिला कबड्डी संघ, जिला एथलेटिक्स संघ, जिला कराटे संघ,



बुरहानपुर क्रिकेट एसोसिएशन, लोकमान्य तिलक अकादमी, रामलाल व्यायामशाला, वल्लभ अकादमी और नर्मदा कुलम अकादमी के सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे। यह शिविर खिलाड़ियों और नई युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसमें फिट इंडिया मूवमेंट, व्यक्तित्व विकास, संस्कृति, मनोरंजन, खेल गतिविधियां, फैमिली इंगेजमेंट और सामाजिक जागरूकता जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है।

जिला मुख्यालय पर कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, खो-खो, फुटबॉल, शतरंज, बास्केटबॉल, कुश्ती, योगा, कैरम, बैडमिंटन और ताइक्वांडो सहित 12 खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं, विकासखंड मुख्यालयों पर एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, योगा और बैडमिंटन सहित चार खेलों का प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक प्रदान किया जाएगा। शिविर में महिलाओं की आत्मरक्षा के लिए कराटे और ताइक्वांडो जैसे खेलों का विशेष प्रशिक्षण भी शामिल है। प्रशिक्षणार्थियों की आयु 6 से 18 वर्ष के बीच होनी चाहिए। शिविर में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा, जिसके लिए शासन स्तर पर न्यूनतम ११ रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है।

## गलत जानकारी देकर पंजीयन कराने वालों पर होंगी कार्यवाही

ब्रह्मास्त्र ›› खंडवा

श्रम विभाग द्वारा ₹दुकान एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम, 1958₹ के अंतर्गत ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए न्यूनतम जानकारी एवं कम से कम दस्तावेजों के आधार पर श्रम सेवा पोर्टल के माध्यम से त्वरित पंजीयन एवं प्रमाण-पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिला श्रम पदाधिकारी श्री अनिल मलगया ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के दौरान यह पाया गया है कि कुछ आवेदक गलत जानकारी प्रस्तुत कर बैंक ऋण अथवा अन्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से पंजीयन करा रहे हैं। इस संबंध में श्रम अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक आवेदन का सत्यापन समग्र आईडी के आधार पर अनिवार्य रूप से किया जाता है। उन्होंने सभी संबंधित आवेदकों और संस्थानों से कहा है कि यदि किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही से बचने हेतु कोई गलत जानकारी के आधार पर पंजीयन कराया हो, तो उसे स्वेच्छा से निरस्त करवा लें।

### जीवन में अज्ञानता सत्संग से ही दूर होती है

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

आवरण हटने पर ही सिद्धांत से दृष्टांत सरल हो जाता है और समझने में आ जाता है । अपने अन्तर्मन को पहले धो लो और फिर रंग लो। अपने मन को प्रभु के मन में डुबो कर धो लो और शास्त्रों के प्रभाव से उसे विभूषित कर लो। तो जीवन आनंददायक हो जाएगा। अतिथि का मान पहले अपना बाद में यही सेवा है। सेवा का नाम ही भक्ति है। माया के रूप अनेक होते है। माया जब हट जाती है तो जीव को ब्रह्म का साक्षात्कार हो जाता है।

## पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व में एक और नवाचार कार्यशाला का सफल आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› बड़वानी

आज दिनांक 29 अप्रैल बुधवार न्यू पुलिस कंट्रोल रूम बड़वानी में पुलिस अधीक्षक श्री पद्म विलोचन शुक्ल के निर्देशन में बड़वानी पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को प्रभावी बनाने एवं विद्यार्थियों को सकारात्मक दिशा देने हेतु *कैरियर काउंसलिंग सेशन 2026 कार्यशाला का सफल आयोजन* पुलिस अधीक्षक द्वारा कैरियर काउंसलिंग की अभिनव पहल के अंतर्गत जिले के 16 थानों से करीब 150 से अधिक छात्र-छात्राओं को न्यू पुलिस कंट्रोल रूम बड़वानी में कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया जिसमें प्रखर मोटिवेशनल स्पीकर श्री प्रतीक श्रीवास्तव द्वारा विद्यार्थियों को कॉम्पिटेटिव परीक्षा हेतु मार्गदर्शन दिया गया

श्री प्रतीक श्रीवास्तव ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चा मोटिवेशन भीतर से आता है, और इसके उत्कृष्ट उदाहरण हमारे इतिहास एवं संस्कृति में विद्यमान हैं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने अर्जुन को युद्ध के समय निराशा से



उबारकर कर्तव्य पथ पर अग्रसर किया और विजय दिलाई। इसी क्रम में उन्होंने स्वामी विवेकानंद का उल्लेख करते हुए कहा कि शिकागो धर्म संसद 1893 में दिए गए उनके भाषण ने पूरे विश्व को प्रभावित किया और उन्हें महान प्रेरक वक्ता के रूप में स्थापित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि यदि जीवन में लक्ष्य प्राप्त करना है तो धैर्य और निरंतर प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। आज के समय में ज्ञान का वास्तविक विकास कम हो रहा है, जबकि केवल प्रतिशत (अंकों) की दौड़ बढ़ती जा रही है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में जिज्ञासा और सीखने की उत्सुकता होना बेहद जरूरी है, क्योंकि यही गुण उन्हें आगे बढ़ने में सहायक बनाते हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› खंडवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में उपार्जन केंद्र पर चल रही गेहूँ उपार्जन की प्रक्रिया का आने वाले दिनों में आकस्मिक निरीक्षण करेंगे और किसानों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यह भी देखेंगे कि निदेर्शानुसार शासन-प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाएं किसानो को प्राप्त हो रही है या नहीं। उल्लेखनीय है कि उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने के लिए छायादार स्थान, जन सुविधाएं आदि की व्यवस्थाएं की गई हैं। किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो एवं उपज विक्रय के लिए इंतजार न करना पड़े इसके लिये किसानों को जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र पर उपज विक्रय करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। किसानों को गेहूँ की तौल के लिये इंतजार नहीं करना पड़े इस हेतु उपार्जन केन्द्रों में तौल कांटों की संख्या बढ़ाकर 6 कर दी गई है और अधिक तौल कांटे बढ़ाने की सुविधा अब जिलो को दी गई है । गेहूँ के लिये एफएक्यू मापदंड में शिथिलता प्रदान की गई है। चमक विहीन गेहूँ की सीमा 50 प्रतिशत तक की गई है। सूकड़े दाने की सीमा ६ प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक की गई है। क्षतिग्रत दानों की सीमा बढ़ाकर 6 प्रतिशत तक की गई है। इसके साथ ही किसानों के उपज की तौल समय पर हो सके इसके लिये बारदाने, तौल कांटे, हम्माल तुलावटी, सिलाई मशीन, कम्प्यूंटर, नेट कनेक्शन, कूपन,गुणवत्ता परीक्षण उपकरण आदि का निरीक्षण किया।

### पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिये दल गठित

**खंडवा** । विभिन्न विभागों के सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारियों की जन्मतिथि के मान्यता प्रस्तावों की जांच के लिए कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने जांच दल गठित किया है। उन्होंने बताया कि लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए यह दल गठित किया गया है।



# धुरंधर की सफलता के बाद रणवीर सिंह का पहला बयान

**बोले- खिलजी से ज्यादा मुश्किल था हमजा का रोल निभाना; मुझे अपना 300% देना पड़ा**

'धुरंधर' फ्रेंचाइजी की जबरदस्त कामयाबी के बाद फिल्म के लीड एक्टर रणवीर सिंह का पहला बयान सामने आया है। रणवीर ने कहा है कि फिल्म में हमजा का रोल निभाना उनके लिए पद्मावत के अलाउद्दीन खिलजी से ज्यादा मुश्किल था। रणवीर सिंह के बिजनेस पार्टनर निकुंज बियानी ने हाल ही में एक बड़ा खुलासा किया है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, निकुंज ने फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' देखने के बाद रणवीर से पूछा था कि क्या यह किरदार 'पद्मावत' के अलाउद्दीन खिलजी जितना ही चुनौतीपूर्ण था?

इस पर रणवीर ने जवाब दिया, एक कलाकार के तौर पर यह कैरेक्टर मेरे लिए खिलजी से कहीं ज्यादा चैलेंजिंग रहा है। इसने मुझे अंदर तक झकझोर दिया। इस रोल के लिए मुझे अपनी गहराई में जाना पड़ा और अपना 300% देना पड़ा। खिलजी के लिए खुद को कमरे में किया था बंद रणवीर का यह बयान इसलिए अहम है क्योंकि 2018 में आई 'पद्मावत' के खिलजी रोल को उनका सबसे कठिन काम माना जाता रहा है। उस वक्त रणवीर ने बताया था कि खिलजी के किरदार में ढलने के लिए उन्होंने खुद को गोरेगांव के एक घर में 21 दिनों तक बंद कर लिया था। उन्होंने बाहरी दुनिया से पूरी तरह कटकर खुद को उस अंधेरे और लालची किरदार में ढाला था। हालांकि, अब रणवीर का मानना है कि 'धुरंधर' के हमजा ने उनसे कहीं ज्यादा मेहनत कराई है।

**ब्राजील में स्टेज तैयार करते समय हुआ हादसा**

# शकीरा के शो से पहले क्रू मेंबर की मौत







ब्राजील में सिंगर शकीरा के अपकमिंग कॉन्सर्ट की तैयारियों के दौरान एक हादसा हो गया। रविवार को शो के लिए स्टेज तैयार करते समय गैब्रियल डी जीसस फिरमिनो नाम का एक क्रू मेम्बर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। कॉन्सर्ट के ऑर्गनाइजर्स ने इसकी पुष्टि की है। ब्राजील के रियो डी जनेरियो में शकीरा का यह कॉन्सर्ट 2 मई 2026 को होने वाला है। पीपल मैगजीन के अनुसार, यह हादसा रविवार दोपहर को हुआ, जब कर्मचारी शो के लिए स्ट्रक्चर तैयार करने वाली टीम का हिस्सा था। ऑर्गनाइजर्स ने इंस्टाग्राम पर एक बयान जारी किया, जिसमें बताया गया कि मृतक स्टेज बनाने का काम करता था और हादसे के बाद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

## शकीरा ने दुख जताया

एंटरटेनमेंट वीकली के अनुसार, एक बयान में शकीरा ने कहा, 'मैं गैब्रियल डी जीसस फिरमिनो के परिवार, दोस्तों और साथ काम करने वालों के लिए बहुत दुखी हूं।'

ऑर्गनाइजर्स ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर मौजूद फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स ने शुरुआती मदद दी। इसके बाद फायर डिपार्टमेंट को बुलाया गया और घायल कर्मचारी को अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। स्टेट फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, हादसा लिफ्टिंग सिस्टम का इस्तेमाल करते समय हुआ। इस दौरान कर्मचारी के पैर बुरी तरह कुचल गए, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। आयोजकों ने कहा कि पीड़ित के परिवार, संबंधित कंपनी और इस घटना से प्रभावित टीम के सदस्यों को हर संभव सहायता दी जा रही है।



# अक्षय कुमार का हील्स पहनकर 'लाल परी' गाने पर डांस

**महिलाओं को किया सलाम, बोले- इसे कैसे पहन लेती हो आप, मुझे तो बहुत डर लगा**

अक्षय कुमार के गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का सोमवार रात ग्रैंड फिनाले हुआ। इस आखिरी एपिसोड में अक्षय कुमार ने हाई हील्स पहनकर डांस किया।

शो में जैकलीन के साथ भूमि पेडनेकर और फराह खान भी मौजूद थीं। शो की मेहमान जैकलीन फर्नांडिस के कहने पर अक्षय ने लाल पारी गाने पर डांस करते दिखाई दिए। टास्क में दी हील्स पहनने की चुनौती शो के दौरान जैकलीन और भूमि ने शिकायत की कि अक्षय सेट पर उनके साथ डरावने प्रैंक (मजाक) करते हैं। इसका बदला लेने के लिए जैकलीन ने अक्षय को एक टास्क दिया। उन्होंने अक्षय को हील्स पहनकर 1 मिनट तक डांस करने को कहा। जैकलीन ने शर्त रखी कि अगर अक्षय बीच में रुके, तो उन्हें उनके अकाउंट में 1 लाख रुपए ट्रांसफर करने होंगे। पहले तो अक्षय डरे और बोले, पागल है क्या, मोच आ जाएगी। मैंने लाइफ में कभी ऐसा नहीं किया है। हील्स टूटने पर अक्षय बोले- महिलाओं को सलाम फराह खान के कहने पर अक्षय आखिरकार हील्स पहनने को तैयार हो गए। उन्होंने अपनी फिल्म 'हाउसफुल 4' के गाने 'लाल परी' पर हील्स पहनकर जबरदस्त डांस किया। अक्षय को हील्स में घूमते देखकर फराह और भूमि भी उनके साथ शामिल हो गईं। टास्क पूरा होने के बाद फराह खान ने अक्षय को सलाम किया। डांस के दौरान हील्स टूट गई, जिस पर अक्षय ने हंसते हुए कहा, सारी औरतों को सलाम है, कैसे पहनती हो आप लोग ये? मुझे तो बहुत डर लग रहा था।

**फेमिना मिस इंडिया 2026 की विनर साध्वी सतीश सैल बोलीं- अब इंटरनेशनल लेवल पर**

# भारत को रिप्रेजेंट करने की तैयारी, धुरंधर देखने की इच्छा जताई

भुवनेश्वर में आयोजित 61वें फेमिना मिस इंडिया 2026 में गोवा की साध्वी सतीश सैल ने मिस इंडिया वर्ल्ड 2026 का ताज अपने नाम किया, जबकि महाराष्ट्र की राजनंदिनी पवार फर्स्ट रनर-अप और डॉ. श्री अद्वैता सेकंड रनर-अप रहीं हैं। तीनों विजेताओं ने बातचीत में अपनी जर्नी, चुनौतियों और आगे के प्लान साझा किए हैं। उन्होंने बताया कि यह सफर सिर्फ एक खिताब तक सीमित नहीं, बल्कि खुद को बेहतर बनाने का अनुभव रहा है। साथ ही इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर भारत को रिप्रेजेंट करने और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में आगे बढ़ने की इच्छा भी जताई है।

साध्वी सतीश सैल- मैं बहुत एक्साइटेड हूं कि ये जर्नी अब आगे कहां जाएगी। जब मेरा नाम अनाउंस हुआ, तो मैं शॉक और सरप्राइज में थी। ये एक सपना था, लेकिन मैंने इसे बाद में एक कॉन्शियस डिसीजन के तौर पर चुना और इसके लिए मेहनत की।

राजनंदिनी पवार- मैं इस मंच पर भारत को रिप्रेजेंट करने का सपना लेकर आई थी और आज खुशी है कि मैं उस दिशा में आगे बढ़ रही हूं।

श्री अद्वैता- मेरे लिए यह हमेशा से एक लक्ष्य था। मैंने पढ़ाई पूरी करने के बाद तय किया था कि मुझे इस मंच पर आकर खुद को साबित करना है।









सबसे बड़ा सवाल था कि मैं अलग कैसे दिखूं, लेकिन मैंने सीखा कि खुद के प्रति सच्चा रहना और कंसिस्टेंट रहना ज्यादा जरूरी है।

राजनंदिनी पवार- मैं इसे चुनौती नहीं बल्कि सीख कहूंगी, क्योंकि इस सफर ने मुझे हर तरह से ग्रो किया है मेंटली, फिजिकली और इमोशनली भी।

राजनंदिनी पवार- मैं इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर भारत को रिप्रेजेंट करना चाहती हूं और उसी दिशा में आगे बढ़ना मेरे लिए बहुत जरूरी है। इसके साथ ही मैं एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में भी अपनी जगह बनाना चाहती हूं, क्योंकि कैमरे के सामने परफॉर्म करना मुझे सबसे ज्यादा खुशी देता है और यही मेरा पैशन है।

अगर मौका मिले तो मैं रणवीर सिंह और शाहरुख खान जैसे कलाकारों के साथ काम करना चाहूंगी। वहीं डायरेक्टर्स में संजय लीला भंसाली, इम्तियाज अली और राजकुमार हिरानी जैसे फिल्ममेकर के साथ काम करना मेरे लिए एक सपना सच होने जैसा होगा। जहां तक फिल्मों की बात है, अभी तक धुरंधर देखने का समय नहीं मिल पाया क्योंकि उस दौरान हमारी प्रतियोगिता चल रही थी, लेकिन मैं इसे देखने के लिए काफी उत्साहित हूं भले ही कुछ स्पॉइलर्स सामने आ चुके हैं, फिर भी थिएटर में बैठकर इसे देखना एक अलग अनुभव होगा।

श्री अद्वैता- मैं खुद को सीमित नहीं रखना चाहती। मैंने एमबीबीएस पूरा किया और साथ में अपने बाकी पैशन्स को भी जारी रखा। मैं प्रेशर में बेहतर काम करती हूं और खुद को लगातार चैलेंज करती रहती हूं।

साध्वी सतीश सैल- यहां कोई तय ह्यपरफेक्ट इमेजह्ल नहीं होती, बल्कि आपकी इंडिविजुअलिटी और कॉन्फिडेंस ज्यादा मायने रखते हैं।

### आईपीएल सीजन में 200+ रनचेज का रिकॉर्ड टूट, नमन ने हेड के 3 कैच छोड़े

# हैदराबाद ने इतिहास का चौथा सबसे बड़ा चेज किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

सनराजर्स हैदराबाद ने आईपीएल में बुधवार को मुंबई इंडियंस पर 6 विकेट की जीत दर्ज की। टीम ने 244 रन का टारगेट 18.4 ओवर में चेज कर लिया। यह आईपीएल का चौथा सबसे बड़ा रन चेज है। मौजूदा सीजन में 10वीं बार 200 या इससे ज्यादा का टारगेट चेज हुआ है। यह आईपीएल के एक सीजन में 200+ रनचेज का रिकॉर्ड है। पिछले सीजन में 9 बार 200 या इससे ज्यादा का टारगेट चेज हुआ था। वानखेड़े में रिकेल्टन ने 44 बॉल पर शतक लगाया। यह मुंबई के लिए सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड है। मैच में नमन धीर ने ट्रेविस हेड के 3 कैच भी छोड़े।





- **हैदराबाद ने आईपीएल का चौथा सबसे बड़ा रनचेज किया-** सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई के खिलाफ 244 रन का टारगेट चेज किया। यह आईपीएल इतिहास का चौथा सबसे बड़ा रनचेज है। हाईएस्ट रनचेज का रिकॉर्ड पंजाब किंग्स के नाम है। उन्होंने इसी साल दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रनों टारगेट हासिल किया था।
- **आईपीएल 2026 में टूटा 200+ रन चेज का रिकॉर्ड-** इस सीजन में अब तक 10 बार 200+ का टारगेट चेज हो चुका है, जो एक सीजन में सबसे ज्यादा है। पिछला रिकॉर्ड 2025 में बना था, जब 9 बार 200 से ज्यादा रन का लक्ष्य हासिल किया गया था।
- **रिकेल्टन ने मुंबई के लिए सबसे तेज शतक जड़ा-** वानखेड़े स्टेडियम में रायन रिकेल्टन ने 44 गेंद पर शतक लगाया। यह मुंबई इंडियंस की ओर से सबसे तेज शतक है। रिकेल्टन ने सनथ जयसूर्या और तिलक वर्मा संयुक्त रिकॉर्ड को तोड़ा। दोनों ने 45-45 गेंदों में अपने शतक पूरे किए थे। जयसूर्या ने 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ, जबकि तिलक ने इसी साल गुजरात के खिलाफ शतक लगाया था।
- **एमआई ने सबसे ज्यादा 22 खिलाड़ी आजमाए-** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस ने सही कॉम्बिनेशन की तलाश में सबसे ज्यादा प्रयोग किए हैं। टीम अब तक अपने स्क्वॉड के 22 खिलाड़ियों को मैदान पर उतार चुकी है, जो इस सीजन में किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा है। इस लिस्ट में 19-19 खिलाड़ियों के साथ चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।
- **रिकेल्टन ने जयसूर्या का 18 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा-** रिकेल्टन ने हैदराबाद के खिलाफ नाबाद 123 रन बनाए। वे मुंबई इंडियंस के लिए एक पारी में सबसे ज्याद रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। रिकेल्टन ने सनथ जयसूर्या के 18 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा। जयसूर्या ने 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ नाबाद 114* रन बनाए थे। इस लिस्ट में क्विंटन डिकॉक (112*) तीसरे और रोहित शर्मा (109*) चौथे स्थान पर हैं।
- **मुंबई इंडियंस का आईपीएल में तीसरा सबसे बड़ा स्कोर-** मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 243/5 का स्कोर बनाया। जोकि आईपीएल इतिहास में मुंबई का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। दिल्ली के खिलाफ 2024 में बना 247/9 टीम का हाईएस्ट स्कोर है। 2024 में ही हैदराबाद के खिलाफ मुंबई ने 246/5 का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया था।
- **अभिषेक-हेड ने 6वीं बार शतकीय साझेदारी की-** हैदराबाद की ओपनर्स अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड ने मुंबई के खिलाफ 123 रन की ओपनिंग साझेदारी की। उन्होंने आईपीएल में छठवीं बार पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। उन्होंने शिखर धवन और डेविड वॉर्नर के रिकॉर्ड की बराबरी की, जिसके नाम 6 शतकीय ओपनिंग साझेदारी का रिकॉर्ड है।
- **मुंबई इंडियंस काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरी-** सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी काली पट्टी बांधकर ग्राउंड पर उतरी। मैच से पहले फ्रेंचाइजी ने बताया कि सपोर्ट स्टाफ के एक सदस्य की बेटी का निधन हो गया है। टीम ने बयान में कहा- ह्यटीम इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है।
- **नीतीश रेड्डी ने पहली ही गेंद पर विकेट लिया-** सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज नीतीश रेड्डी ने मैच में अपने स्पेल की शुरूआत विकेट के साथ की। उन्होंने पहली गेंद पर ही विल जैक्स को कैच आउट कराया। रेड्डी की सटीक लाइन और लेंथ ने बल्लेबाज को गलती करने पर मजबूर किया और टीम को सफलता दिलाई। इस विकेट के साथ ही उन्होंने मैच का रुख अपनी टीम की ओर मोड़ दिया।
- **रिकेल्टन ने सेंचुरी को अनोखे अंदाज में सेलिब्रेट किया-** 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर रिकेल्टन ने सिंगल लेकर आईपीएल का अपना पहला शतक लगाया। इसके बाद उन्होंने अपना हेलमेट निकालकर बैट पर रखा और हवा में लहराया।

### आईपीएल में आज गुजरात-बेंगलुरु

## सीजन में दूसरी बार आमना-सामना रॉयल की नजरें टेबल टॉपर बनने पर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

आईपीएल में आज गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीमें आमने-सामने होंगी। मुकाबला मुंबई के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से शुरू होगा।

दोनों टीमें इस सीजन दूसरी बार भिड़ेंगी। पिछले मुकाबले में बेंगलुरु ने गुजरात को 5 विकेट से हराया था। दोनों टीमों का यह 9वां मैच होगा। बेंगलुरु 8 में से 6 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है। टीम आज जीती तो 14 पॉइंट्स साथ टॉप पर आने का मौका होगा। वहीं, गुजरात 8 में से 4 मैच जीती और इतने ही हारी है। आईपीएल में दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 7 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से बेंगलुरु ने 4 मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि गुजरात की टीम 3 बार विजयी रही है। आज के मैच में गुजरात की कोशिश बराबरी करने की होगी। अहमदाबाद में दोनों का सामना एक बार हुआ है। उस मैच में बेंगलुरु को जीत मिली।

**गिल संभाल रहे गुजरात की बैटिंग-** इस सीजन में गुजरात के कप्तान शुभमन गिल शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अब तक खेले 7 मैचों में 148.64 की स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए हैं, जिसमें 3 अर्धशतक शामिल हैं। टीम की बल्लेबाजी काफी हद तक गिल की शुरूआत पर निर्भर करेगी। कगिसो रबाडा इस सीजन में घातक साबित हो रहे हैं। उन्होंने 8 मैचों में 13 विकेट चटकाए हैं। हालांकि, उनकी 9.48 की इकोनॉमी टीम के लिए थोड़ी चिंता का विषय हो सकती है।

**कोहली आरसीबी के टॉप स्कोरर-** बेंगलुरु की ओर से विराट कोहली रनों की बरसात कर रहे हैं। कोहली ने 8 मैचों में 162.50 की बेहतरीन स्ट्राइक रेट के साथ 351 रन जोड़े हैं। कोहली ने भी इस सीजन में 3 फिफ्टी लगाई हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









विमानन उद्योग पर संकट

## एटीएफ की आसमान छूती कीमतों पर एयरलाइंस ने सरकार से मांगी राहत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

भारतीय विमानन कंपनियों ने एटीएफ की बढ़ती कीमतों और करों को लेकर सरकार से तत्काल राहत की मांग की है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस की इस चेतावनी और एविएशन सेक्टर के संकट की पूरी खबर पढ़ें।

भारत का विमानन उद्योग इस समय ईंधन की ऊंची कीमतों और भू-राजनीतिक अस्थिरता के कारण अत्यधिक दबाव के दौर से गुजर रहा है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने एयरलाइंस के लिए बड़ा आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए देश की प्रमुख एयरलाइंस के संगठन 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस' ने सरकार से विमानन ईंधन की कीमतों और करों में तत्काल राहत देने की मांग की है। संगठन ने स्पष्ट रूप से चेताया है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो उड़ान संचालन के ठप होने की स्थिति बन सकती है।

किसी भी विमानन कंपनी के कुल परिचालन खर्च में एटीएफ की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत होती है। ऐसे में ईंधन के दाम में थोड़ा भी बदलाव सीधे कंपनियों के बही-खातों पर असर डालता है। एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट की भागीदारी वाले संगठन एफआईए ने 26 अप्रैल को नागर विमानन मंत्रालय को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में एयरलाइंस ने अपनी प्रमुख चिंताएं और मांगें रखी हैं:

**उत्पाद शुल्क में छूट:** ईंधन की महंगी कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट के कारण लागत में भारी इजाफा हुआ है। इसे देखते हुए एयरलाइंस ने एटीएफ पर लगने वाले 11 प्रतिशत उत्पाद शुल्क को अस्थायी रूप से टालने की मांग की है।

क्रेडिट कार्ड : मार्च में लेनदेन 24% बढ़कर 2194 अरब रुपये हुआ

# देश में बढ़ रहा क्रेडिट कार्ड के जरिए खर्च

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मार्च में क्रेडिट कार्ड खर्च 24% बढ़कर 2,194 अरब रुपये हुआ, लेकिन क्या यह ग्रोथ टिकाऊ है? भारतीय अर्थव्यवस्था में उपभोग के बदलते रुझानों और कार्ड जारी होने के नए आंकड़ों पर पूरी रिपोर्ट पढ़ें।

भारतीय अर्थव्यवस्था में डिजिटल और क्रेडिट लेनदेन के मोर्चे पर मार्च का महीना शानदार रहा है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में क्रेडिट कार्ड से होने वाले खर्च में मासिक आधार पर 24 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई है। इस उछाल के साथ ही देश में कुल क्रेडिट कार्ड स्पेंडिंग 2,194 अरब रुपये के स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि, इस शानदार आंकड़े के पीछे की तस्वीर कुछ अलग है। विश्लेषकों का मानना है कि यह उछाल मुख्य रूप से मौसमी कारकों और 'लो-बेस इफेक्ट' का परिणाम है, जबकि मूल रुझान देश में खपत वृद्धि के सामान्य होने का संकेत दे रहे हैं।

**उपभोक्ताओं का खर्च करने का व्यवहार-** समीक्षाधीन अवधि में ग्राहकों के खर्च करने के व्यवहार ने बाजार को मिले-जुले संकेत दिए हैं। प्रति कार्ड औसत खर्च में मासिक आधार पर 22.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक बार फिर मौसमी तेजी को प्रमाणित करती है। हालांकि, सालाना आधार पर यह वृद्धि लगभग स्थिर रही और इसमें मात्र 0.9 प्रतिशत का इजाफा हुआ। इसी तरह, प्रति लेनदेन औसत खर्च में भी मासिक आधार पर तो बढ़ोतरी हुई, लेकिन सालाना आधार पर इसमें गिरावट का रुख जारी रहा। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि ग्राहकों की 'कंजम्पशन इंटेंसिटी' या खपत की तीव्रता में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ है।

क्रेडिट कार्ड सेक्टर का यह प्रदर्शन पिछले महीने (फरवरी) के मुकाबले एक बड़ा बदलाव है। गौरतलब है कि फरवरी महीने की रिपोर्ट में क्रेडिट कार्ड खर्च सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़ा था, लेकिन मासिक आधार पर इसमें 11 प्रतिशत की गिरावट आई थी और यह 1,772 अरब रुपये पर आ गया था। फरवरी में 1.05 मिलियन नए कार्ड (सालाना आधार पर 7.7 प्रतिशत की वृद्धि) जारी हुए थे। कुल मिलाकर, मार्च के डेटा यह पुष्टि करते हैं कि भारतीय उपभोक्ता नए क्रेडिट कार्ड तो तेजी से अपना रहे हैं, लेकिन बड़े पैमाने पर व्यक्तिगत खपत अब एक स्थिर और परिपक्व चरण में प्रवेश कर चुकी है।



### खपत में संरचनात्मक तेजी या मौसमी प्रभाव?

- असित सी. मेहता इन्वेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स द्वारा किए गए विश्लेषण से इस वृद्धि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होती है।
- रिपोर्ट के अनुसार, यदि सालाना आधार पर मूल्यांकन किया जाए तो विकास दर 8.9 प्रतिशत रही, जो काफी अधिक मॉडरेट या संतुलित है।
- विश्लेषकों ने स्पष्ट किया है कि मासिक आधार पर खर्च में आया यह तेज उछाल मांग में किसी संरचनात्मक तेजी को नहीं दशार्ता है।
- इसके बजाय, यह मुख्य रूप से मौसमी खर्च के पैटर्न और सांख्यिकीय आधार प्रभावों को दशार्ता है।
- वर्तमान में भारतीय क्रेडिट कार्ड सेक्टर अपने उच्च विकास चरण से बाहर निकलकर एक अधिक सामान्य और स्थिर प्रक्षेपवक्र की ओर बढ़ रहा है।

### यूजर बेस और नए काड्र्सः अधिग्रहण से मिल रही है रफ्तार

खर्च के साथ-साथ कार्ड जारी किए जाने के मोर्चे पर उद्योग का विस्तार लगातार जारी हैः
सक्रिय काड्र्स की संख्याः देश में कुल सक्रिय क्रेडिट कार्डों की संख्या सालाना आधार पर लगभग 8 प्रतिशत बढ़कर 118 मिलियन के आसपास पहुंच गई है, जो उपयोगकर्ता आधार के स्थिर विस्तार को दिखाता है।

- **नए कार्ड जारीः** मार्च महीने में स्वस्थ वृद्धि दर्ज करते हुए लगभग 0.93 मिलियन (9.3 लाख) नए क्रेडिट कार्ड जारी किए गए। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 7.96 प्रतिशत की वृद्धि है।
- **ग्रोथ का मुख्य इंजनः** इन आंकड़ों से यह संकेत मिलता है कि उद्योग की मौजूदा वृद्धि प्रति उपयोगकर्ता खर्च में भारी बढ़ोतरी के बजाय, मुख्य रूप से नए ग्राहकों के अधिग्रहण द्वारा संचालित हो रही है।

लोन धोखाधड़ी मामले में

## एडीएजी के पूर्व अधिकारी को प्रोडक्शन वारंट पर मुंबई भेजा गया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

बैंक लोन धोखाधड़ी से जुड़े सीबीआई के मामले में अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) के गिरफ्तार पूर्व वरिष्ठ अधिकारी अमिताभ झुनझुनवाला को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने प्रोडक्शन वारंट पर मुंबई भेजा है। सीबीआई की अर्जी पर मुंबई कोर्ट ने झुनझुनवाला के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी किया था। वहीं, अमिताभ झुनझुनवाला को मुंबई कोर्ट मे पेश किया जाएगा।

अमिताभ झुनझुनवाला को ईडी ने गिरफ्तार किया था जो फिलहाल न्यायिक हिरासत मे तिहाड जेल मे बंद था। अनिल अंबानी समूह की कंपनियों, जैसे रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड के जरिए कथित बैंक लोन धोखाधड़ी से जुड़े मामलों मे झुनझुनवाला की गिरफ्तारी हुई है, जिसमें शेल या फर्जी कंपनियों का इस्तेमाल किए जाने का आरोप है। दरअसल, यह मामला रिलायंस ग्रुप की कंपनियों रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) में कथित वित्तीय गड़बड़ियों से जुड़ा है, जिसमें दोनों अधिकारियों (झुनझुनवाला और बापना) की अहम भूमिका होने का शक है। झुनझुनवाला पहले रिलायंस ग्रुप के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर रह चुके हैं और रिलायंस कैपिटल लिमिटेड में वाइस चेयरमैन और डायरेक्टर भी थे। सूत्रों के अनुसार, उस दौरान आरएचएफएल और आरसीएफएल के कामकाज में उनकी अहम भूमिका थी। वहीं, बापना रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर और आरएचएफएल के डायरेक्टर रह चुके हैं और उन पर भी वित्तीय फैसलों में शामिल होने का आरोप है।

मार्च 2026 में औद्योगिक उत्पादन 4.1% बढ़ा

# विनिर्माण-खनन क्षेत्र से अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती


ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मार्च 2026 में भारत का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) 4.1% बढ़ा है। मैन्युफैक्चरिंग और माइनिंग सेक्टर के शानदार प्रदर्शन से जुड़ी इस पूरी रिपोर्ट और अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव को विस्तार से पढ़ें।

भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि (आईआईपी) ने वित्त वर्ष के अंत में सकारात्मक और स्थिर गति दिखाई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में औद्योगिक उत्पादन 4.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। गौरतलब है कि पिछले साल के समान महीने (मार्च 2025) में यह आंकड़ा 3.9 प्रतिशत पर था। सूचकांक में यह आंशिक लेकिन महत्वपूर्ण तेजी अर्थव्यवस्था के लिए एक स्थिर और मजबूत दृष्टिकोण का संकेत देती है।

### मैन्युफैक्चरिंग और माइनिंग में तेजी

- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में सबसे अधिक वेटेज रखने वाले मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने इस वृद्धि में अहम भूमिका निभाई है। विभिन्न सेक्टर्स के प्रदर्शन से जुड़े मुख्य आंकड़े इस प्रकार हैंः



- **मैन्युफैक्चरिंगः** इस सेक्टर में 4.3 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अंतर्गत आने वाले 23 में से 14 उद्योग समूहों ने सकारात्मक विकास दिखाया है। मुख्य रूप से बेसिक मेटल्स, मोटर वाहन और मशीनरी जैसे कोर और निवेश से जुड़े क्षेत्रों में लगातार मजबूती बनी हुई है।
- **माइनिंगः** माइनिंग सेक्टर ने भी इस अवधि के दौरान बेहतर प्रदर्शन करते हुए 5.5 प्रतिशत का विस्तार दर्ज किया है।
- **इलेक्ट्रिसिटीः** इन सब के विपरीत, बिजली उत्पादन के मोर्चे पर सुस्ती देखने को मिली। इसमें मात्र 0.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिसने समग्र उत्पादन की गति को थोड़ा सीमित कर दिया।

### निवेश और उपभोक्ता मांग के मिले-जुले रुझान

- घरेलू मांग और बाहरी आर्थिक परिस्थितियों से मिल रहे मिश्रित संकेतों के बीच, उपयोग-आधारित आंकड़ों ने देश में मजबूत निवेश के सकारात्मक रुझान पेश किए हैंः
- **कैपिटल गुड्सः** पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में 14.6 प्रतिशत का बड़ा उछाल आया है, जो देश में औद्योगिक क्षमता विस्तार और स्वस्थ निवेश मांग को साफ तौर पर दशार्ता है।
- **इंफ्रास्ट्रक्चरः** बुनियादी ढांचे और निर्माण से जुड़ी वस्तुओं के आउटपुट में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।
- **कंज्यूमर गुड्सः** उपभोक्ता क्षेत्र में मिले-जुले रुझान रहे। जहां कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (टिकाऊ वस्तुएं) में 5.3 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, वहीं गैर-टिकाऊ वस्तुओं में केवल 1.1 प्रतिशत का मामूली इजाफा हुआ।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) आर्थिक गतिविधियों और आर्थिक स्वास्थ्य को मापने का एक प्रमुख पैमाना माना जाता है। मार्च के महीने में दर्ज की गई यह आंशिक तेजी इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वित्तीय वर्ष के अंत में कारखानों की गतिविधियों में निरंतर गति बनी हुई है। कैपिटल गुड्स और मैन्युफैक्चरिंग में दर्ज की गई यह मजबूती नए वित्तीय वर्ष में प्रवेश करते समय अर्थव्यवस्था के लिए एक स्थिर विकास पथ की नींव रख रही है।

महिला निवेशकों भागीदारी बढ़ी

## एनएसई के रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 13 करोड़ से अधिक हुई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज इंडिया (एनएसई) के रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या लगातार बढ़ रही है और अब यह बढ़कर 13 करोड़ से अधिक हो गई है। महिला निवेशकों की भी भागीदारी बढ़ी है, आज हर 4 में से एक महिला निवेशक है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज इंडिया (एनएसई) के रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या लगातार बढ़ रही है और अब यह बढ़कर 13 करोड़ से अधिक हो गई है। एक्सचेंज ने बताया कि सितंबर 2025 में एनएसई पर रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 12 करोड़ से अधिक थी। 25 अप्रैल 2026 तक एक्सचेंज में रजिस्टर्ड कुल ग्राहक कोड 25.7 करोड़ रहे। एनएसई के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में निवेशकों की संख्या में तेज वृद्धि हुई है। पहले एक करोड़ निवेशकों तक पहुंचने में 14 साल लगे थे, उसके बाद 3 करोड़ निवेशक जोड़ने में 11 साल का समय लगा और अब 1 करोड़ निवेशक जोड़ने में लगभग 6 से 8 महीने लग रहे हैं। इससे पता चलता है कि रिटेल निवेशकों की भागीदारी लगातार पूंजी बाजार में बढ़ रही है।

**निवेशकों की संख्या बढ़ने की मुख्य वजहें-** एक्सचेंज के अनुसार निवेशकों की संख्या में वृद्धि होने की एक वजह यह भी है कि डिजिटल पहुंच बढ़ी है, जिससे वे आसानी अपना डीमैट खाता खोल पाते हैं। दूसरा निवेशकों में जागरुता आई है और नियामकों तथा बाजार इंफ्रास्टक्चर से जुड़ी एंटिटीज के जरिए पूंजी बाजारों में और अधिक समावेशी बनाने पर जोर दिया गया है।

**निवेशक और कंपनियों का बाजार पूंजीकरण सीएजीआर बढ़ा-** वित्त वर्ष 2021 से वित्त वर्ष 2026 तक के दौरान यानि कि 5 साल में निवेशकों की संख्या 26.4 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ी। इससे पहले के 5 वर्षों के दौरान यह दर 15.2 प्रतिशत थी। साथ ही एनएसई पर लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 18 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर 460.6 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं दिसंबर 2025 तक व्यक्तिगत निवेशकों की बाजार में हिस्सेदारी (सीधे तौर पर या म्यूचुअल फंड के जरिए) 18.6 प्रतिशत थी।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा के रजिस्ट्रेशन आज से, जून के पहले-दूसरे हफ्ते में शुरू होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कैलाश मानसरोवर यात्रा इस बार जून के पहले या दूसरे हफ्ते में शुरू होगी। यात्रा में उत्तराखंड के रास्ते पिथौरागढ़ जिले के लिपुलेख दर्रे से दस दलों में 500 यात्री रवाना होंगे। जबकि सिक्किम के नाथुला दर्रे से भी 500 शिवभक्त यात्रा पर जाएंगे। ऑनलाइन पंजीकरण गुरुवार, 30 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं।

कैलाश मानसरोवर की यात्रा इस साल नया इतिहास रचने जा रही है। इस बार भारत सहित पूरी दुनिया से श्रद्धालु आ सकते हैं। 60 साल बाद इस वर्ष अग्नि अश्व वर्ष का योग बन रहा है। इसे हिंदू, जैन और बौद्ध धर्म में मोक्ष प्राप्ति का सबसे बड़ा द्वार माना गया है। इसलिए इस साल तीनों धर्मों के लोग यात्रा करेंगे। तिब्बती ज्योतिषी दौलत रायपा के अनुसार तिब्बती ज्योतिष 60 वर्षों के चक्र पर चलता है। इसके मुताबिक, यह साल अग्नि तत्व और अश्व यानी घोड़ा राशि का दुर्लभ संगम है। भगवान बुद्ध का जन्म और उन्हें ज्ञान की प्राप्ति इसी अश्व वर्ष में हुई थी। यही नहीं, अश्व वर्ष में की गई एक परिक्रमा का फल सामान्य वर्षों में की गई 12 परिक्रमा के बराबर माना जाता है।

## यूपी का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे जनता के लिए खुला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यूपी के हरदोई में प्रदेश के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। इसके बाद एक्सप्रेस-वे जनता के लिए खोल दिया गया। इस पर चलने के लिए बाइक सवारों को भी टोल टैक्स देना होगा।

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने ऐलान किया कि एक्सप्रेस-वे को हरिद्वार से भी जोड़ा जाएगा। पीएम ने सपा और कांग्रेस पर कहा- सपा विकास और नारी विरोधी है। बीते दिनों एक बार फिर देश ने इनका नारी विरोधी चेहरा देखा है। इन लोगों ने नारी शक्ति वंदन संशोधन के खिलाफ वोट किया। पीएम ने पश्चिम बंगाल में चल रही दूसरे चरण की वोटिंग का जिक्र किया। कहा- जो खबरें आ रही हैं, उनसे पता चलता है कि बंगाल में भारी मतदान हो रहा है। ऐसी वोटिंग दशकों में नहीं देखी। इससे पहले पीएम ने एक्सप्रेस-वे के किनारे पेड़ लगाया। सीएम योगी के साथ एक्सप्रेस-वे पर पैदल भी चले। 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे मेरठ को प्रयागराज से जोड़ेगा। इससे मेरठ से प्रयागराज की दूरी सिर्फ 6 घंटे में पूरी होगी। अब तक 11-12 घंटे लगते थे।

## बेंगलुरु में भारी बारिश,अस्पताल की दीवार गिरने से 7 मौतें



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बेंगलुरु में बुधवार को भारी बारिश के बीच हॉस्पिटल की दीवार गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 3 बच्चे भी शामिल हैं। 7 घायलों का रेस्क्यू किया गया है। हादसे के समय सड़क किनारे मौजूद वेंडर और राहगीर मलबे की चपेट में आ गए। कई लोग मलबे में दब गए थे, जिन्हें रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भारी बारिश के कारण बोवरिंग एंड लेडी कर्जन हॉस्पिटल की दीवार कमजोर हो गई थी। हालांकि, प्रशासन ने कहा है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया

## बंगाल में रिकॉर्ड 92% वोटिंग:2011 का रिकॉर्ड टूटा

# तमिलनाडु, असम और पुडुचेरी में भी 85% से ज्यादा मतदान, केरलम में सबसे कम



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की सभी 294 सीटों पर रिकॉर्ड 92.84% वोटिंग हुई। बुधवार को सेकेंड फेज की 142 सीटों पर 92.48% वोट पड़े। इससे पहले 23 अप्रैल को फर्स्ट फेज की 152 सीटों पर 93.19% मतदान हुआ था।

यह बंगाल के इतिहास में अब तक की सबसे ज्यादा वोटिंग है। इससे पहले बंगाल में 2011 में 84.72% मतदान दर्ज किया गया था। महिलाओं ने (92.28%) तो पुरुषों से भी ज्यादा (91.07%) वोट डाले। इस बार चुनावी हिंसा में भी मौत नहीं हुई। बंगाल के अलावा तमिलनाडु में 23 अप्रैल, केरलम, असम और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। पांचों राज्यों में केरलम में सबसे कम 78.03% वोटिंग हुई। 4 मई को सभी राज्यों के चुनाव परिणाम आएंगे।

भाजपा ने आरोप लगाया कि डायमंड हार्बर के फालता में EVM में BJP का बटन टेप लगाकर ब्लॉक किया गया। चुनाव आयोग ने कहा कि जहां भी शिकायतें सही मिलीं, वहां दोबारा चुनाव होंगे। पानीहाटी में एप्ट पर इखढ के बटन पर इंक का दाग होने की शिकायत सामने आई। उसे सैनिटाइजर से साफ किया गया।

सुवेंदु के खिलाफ 'गो बैक' और ह्राचोर-चोरह्र के नारेः भवानीपुर में ममता के खिलाफ चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी को घेरकर ळटउ समर्थकों ने चोर-चोर के नारे लगाए। सुवेंदु एक पोलिंग बूथ का इंस्पेक्शन करने पहुंचे थे। सुवेंदु ममता के आवास से करीब 100 मीटर दूर सड़क से गुजर रहे थे, तब लोगों ने ह्रागो बैकह्र के नारे लगाए।

हावड़ा में वोट डालने आए बुजुर्ग की मौतः हावड़ा के उदयनारायणपुर में वोट डालने आए एक बुजुर्ग की मौत हो गई। TMC ने दावा किया कि बुजुर्ग अपने बेटे के साथ वोट डालने गए थे। केंद्रीय बलों ने उन्हें धक्का दिया और मारपीट की।

हावड़ा में वोटरों पर लाठीचार्जः हावड़ा के बाली विधानसभा क्षेत्र के लिलुआ में बूथ नंबर 151, 152 और 153 पर केंद्रीय बलों ने वोटरों पर लाठीचार्ज किया। आरोप है कि एश्ट मशीनों में खराबी के कारण वोटर लंबे समय तक लाइन में खड़े थे। बाद में उन्होंने हंगामा किया तो उनपर लाठीचार्ज हुआ।

### साउथ 24 परगना में सुरक्षाबलों वोटरों के बीच धक्का-मुक्कीः

साउथ 24 परगना के कैनिंग में ळटउ ने आरोप लगाया कि एक बूथ पर पोलिंग एजेंट को उफ्ढऋकर्मियों ने पीटा और बूथ से बाहर घसीट दिया। बूथ से आई तस्वीरों में महिलाएं सहित कई लोग सुरक्षाबलों से धक्का-मुक्की करते दिखे।

**TMC-भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़पः** नॉर्थ 24 परगना के अरविंद रैली में TMC और भाजपा कार्यकर्ताओं में हिंसक झड़प हुई। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को दौड़ा-दौड़ाकर मुक्के, लाठियों से हमले किए।

### बंगाल चुनाव 2026

17 बार चुनाव, पहली बार 90% से ज्यादा वोटिंग

| साल | वोटिंग परसेंट | किसकी सरकार बनी |
|---|---|---|
| 2026 | 93.19% (फेज 1)<br>92.48% (फेज 2) | 4 मई को रिजल्ट |
| 2021 | 81.56% | TMC |
| 2016 | 82.66% | TMC |
| 2011 | 86.06% | TMC |
| 2006 | 81.97% | CPI |
| 2001 | 75.29% | CPI |
| 1996 | 82.94% | CPI |
| 1991 | 76.80% | CPI |
| 1987 | 75.66% | CPI |
| 1982 | 76.96% | CPI |
| 1977 | 56.15% | CPI |
| 1972 | 60.82% | कांग्रेस |
| 1971 | 62.03% | कांग्रेस |
| 1969 | 66.51% | बांग्ला कांग्रेस |
| 1967 | 66.10% | बांग्ला कांग्रेस |
| 1962 | 55.55% | कांग्रेस |
| 1957 | 47.64% | कांग्रेस |
| 1951 | 42.23% | कांग्रेस |

## उत्तरप्रदेश के बांदा में पारा लगातार तीसरे दिन 45 डिग्री पारा

# राजस्थान-दिल्ली में आधे दिन लू, आधे दिन बारिश:4 राज्यों में आंधी-बारिश का रेड अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पिछले 24 घंटे के अंदर देश में अलग-अलग मौसम देखने मिला। उत्तर, मध्य और पश्चिमी राज्यों में कई जगह पारा 40 से 46ऋ के बीच रहा। हालांकि, आंधी और हल्की बारिश से कई इलाकों में तापमान 2 से 3°C तक घट भी गया।

इधर, पूर्वोत्तर के सभी 7 राज्यों, हिमालयी क्षेत्रों और दक्षिण के कई इलाकों में तूफान और भारी बारिश हुई। पश्चिम बंगाल और सिक्किम में बहुत ज्यादा बारिश करीब 21 सेमी तक दर्ज की गई। यूपी का बांदा 45.8°C के साथ सबसे गर्म रहा। राजस्थान-मध्य प्रदेश के ज्यादातर जिलों में तापमान 40°C से ज्यादा रहा। एमपी के भोपाल और सीधी राज्य में सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां पारा 43ऋ से ज्यादा रहा। मिजोरम में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण कई जिलों में स्कूल दूसरे दिन भी बंद रहे।



## चंडीगढ़ में नाबालिग फुटबॉल प्लेयर का यौन उत्पीड़न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

चंडीगढ़ में एक नाबालिग फुटबॉल प्लेयर से भरे स्टेडियम में यौन उत्पीड़न हुआ। यौन उत्पीड़न करने वाला कोई और नहीं बल्कि एक नामी फुटबॉल कोच है। प्लेयर का कहना है कि टूर्नामेंट के दौरान 2 टीमों में झगड़ा हुआ। इसी दौरान कोच ने उसके पीछे अंगुली डाल दी। इस मामले में पुलिस ने करीब डेढ़ महीने बाद केस दर्ज किया लेकिन आरोपी कोच को अभी तक अरेस्ट नहीं किया। फुटबॉल प्लेयर की तरफ से इस बारे में चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया और चीफ सेक्रेटरी को शिकायत भेजी गई है। जिसमें उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपी को पकड़ने के बजाय गवाहों और शिकायत करने वालों को धमका रही है।

## कच्चा तेल चार साल में सबसे महंगा: ईरान का तंज- अगला पड़ाव 140 डॉलर

# जंग के बीच कीमत 120 डालर प्रति बैरल पहुंची तेल की कीमत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

मिडिल ईस्ट में जंग के बीच कच्चे तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल को छू गई है। यह 4 साल में सबसे ज्यादा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक ब्रेंट क्रूड की कीमत लगभग 119.76 डॉलर प्रति बैरल तक चली गई, जो जून 2022 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है।

द गार्जियन के मुताबिक इसकी वजह ट्रम्प का वह बयान है जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका, ईरान के बंदरगाहों पर अपनी सैन्य नाकेबंदी जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि जब तक ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर कोई समझौता नहीं करता, तब तक यह नाकेबंदी नहीं हटेगी।

इस फैसले का सीधा असर होर्मुज पर जारी तनाव पर पड़ा है, जो दुनिया के सबसे अहम तेल सप्लाई रूट्स में से एक है। इस वजह से तेल की सप्लाई को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है।

वहीं, तेल की कीमतें बढ़ने को लेकर ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने तंज कसते हुए कहा कि अगला पड़ाव 140 डॉलर होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प को उनके लोग बेकार सलाह दे रहे हैं। उन्होंने अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट का भी मजाक उड़ाया और कहा कि उनकी सलाह की वजह से तेल की कीमतों में इजाफा हो रहा है। अमेरिका ईरान युद्ध पर पिछले 2 महीने में अब तक 25 अरब डॉलर खर्च कर चुका है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के सीनियर अधिकारी जूल्स डब्ल्यू. हर्स्ट ने बुधवार को इसकी जानकारी संसद की आर्म्ड सर्विसेज कमेटी की सुनवाई में दी। हर्स्ट के मुताबिक कुल खर्च का बड़ा हिस्सा हथियारों, मिसाइलों और गोला-बारूद पर हुआ है।

ईरान में महंगाई दर रिकॉर्ड 72% पर है। बुधवार को 1 डॉलर के मुकाबले में रियाल 18 लाख हो गया। सबसे छोटा नोट 1 लाख रियाल का है, इसमें भी 2 ही रोटी आती हैं। 1 हजार रियाल भारतीय 2 रुपए के बराबर है।

युद्ध के बाद ईरान में खाद्य तेल सबसे ज्यादा 220% महंगे हुए हैं। ब्रेड की कीमत 150% तक बढ़ी है। डेयरी और फ्रूट की कीमतें भी 110% तक बढ़ गई हैं।

ईरान में युद्ध के बाद से लगभग 10 लाख लोगों की नौकरियां चली गईं हैं। 15 लाख की जॉब्स खतरे में है। ईरान में बेरोजगारी की दर रिकॉर्ड 25% पहुंच चुकी है।

पेंशन भुगतान में दिक्कतें आ रही हैं। लाखों परिवारों की आय रुक गई है। सरकार केवल सीमित रूप से नकद सब्सिडी और फूड वाउचर ही जारी कर रही है

## अमेरिका-इजराइल पर बादल चुराने का आरोप

# इराकी सांसद बोले- इससे मिडिल ईस्ट में सूखा पड़ता है; ईरान जंग में मसरूफ हुए तो बारिश वापस आई



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इराक

ईरान युद्ध के बीच इराकी सांसद अब्दुल्ला अल-खैखानी ने अमेरिका और इजराइल पर मिडिल ईस्ट में बादल चुराने का आरोप लगाया है।

अब्दुल्ला अल-खैखानी ने एक इंटरव्यू में कहा कि अमेरिका और इजराइल कई सालों से विमानों की मदद से मिडिल ईस्ट में बादलों को चुराते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी कारण क्षेत्र में लंबे समय से सूखा पड़ रहा था।

सांसद ने दावा किया कि अब अमेरिका और इजराइल ईरान के साथ युद्ध में मसरूफ हैं, इसलिए बारिश फिर से लौट आई है।

बयान सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर इस दावे को लेकर चचार्एं और अफवाहें तेज हो गईं। मौसम विशेषज्ञों ने कहा कि ऐसी कोई तकनीक मौजूद नहीं है, जिससे बादलों की चोरी की जा सके। इराक मौसम विभाग के प्रवक्ता अम्र अल-जबीरी ने इस दावे को न वैज्ञानिक बताया और न ही तार्किक। उन्होंने कहा कि पिछले साल सितंबर में ही अनुमान लगा लिया गया था कि 2026 इराक के लिए बारिश वाला साल रहेगा। विशेषज्ञों ने मौसम से जुड़े झूठे दावों और साजिश की थ्योरी से बचने की अपील की है।

### वायुमंडल में बदलाव कर सूखा पैदा करने का आरोप

अल-खैखानी ने दावा किया है कि मिडिल ईस्ट में मौसम बदलने वाले हथियार का इस्तेमाल कर सूखा पैदा किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि वायुमंडल में बदलाव कर जानबूझकर बारिश रोकी गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, खैखानी ने कहा कि ह्यएटमॉस्फेरिक मॉडिफिकेशन वेपनह्न का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने दावा किया कि इस तकनीक से वायुमंडल में बदलाव कर मिडिल ईस्ट में सूखा पैदा किया गया। तुर्किये में भारी बारिश को भी कुछ लोगों ने इसी कथित साजिश से जोड़ दिया।

# ईरान को परमाणु अप्रसार संधि का उपाध्यक्ष बनाने पर विवाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इराक

ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। इसी बीच एक दिलचस्प खबर सामने आई है। ईरान को परमाणु अप्रसार संधि (ठढळ) का उपाध्यक्ष चुना गया है। यह फैसला न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में चल रहे ठढळ के 11वें रिव्यू कॉन्फ्रेंस में लिया गया। यह कॉन्फ्रेंस 5 साल में एक बार होती है।

सम्मेलन के अध्यक्ष और वियतनाम के राजदूत दो हुंग वियेत ने बताया कि ईरान का नाम गुटनिरपेक्ष देशों के ग्रुप की तरफ से आया था। इस ग्रुप में भारत समेत 100 से भी ज्यादा देश हैं। अमेरिका के एक अधिकारी क्रिस्टोफर येओ ने इसे ठढळ के लिए अपमान बताया। उनका कहना है कि ईरान लंबे समय से परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है। ऐसे में उसे इस संगठन का अहम पद देना सही नहीं है। वही ईरान ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। ईरान ने कहा कि अमेरिका, जो खुद परमाणु हथियार इस्तेमाल कर चुका है और लगातार अपने हथियार बढ़ा रहा है, उसे दूसरों को सीख देने का हक नहीं है। परमाणु अप्रसार संधि 1970 में लागू हुई थी। यह दुनिया में परमाणु हथियारों को फैलने से रोकने की सबसे अहम व्यवस्था मानी जाती है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, बड़नगर जिला-उज्जैन म.प्र.

-मेलः-cmobadanagar@mpurban.gov.in
फोन नंबर: 07367-225060

क्रमांकः- / / 2026 / राजस्व
बड़नगर तारीखः //2

### नामांतरण विज्ञप्ति

निम्नलिखित भवन व भूमि स्वामी की और से प्राप्त आवेदन पत्र म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अन्तर्गत स्वतः हस्तांतरण हेतु प्राप्त हुए है। अतः इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। नियम अवधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| ए | प्रकरण कमांक | मोहल्ला | पूर्व में जिसका नाम अंकित है। | वर्तमान नामांत्रण होना है। | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 209X7/2026 | 46 शंकर पथ | जगन्नाथ के पिता पूनमचंद्र | जगदीशचन्द्र पिता पूनमचन्द्र आदी | मृत्युप्रमाण पत्र शपथ पत्र |
| 2 | 210X7/2026 | आदिनाथ परिसर | ममता पति राजेन्द्र | संतोष पिता भेरूलाल | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 3 | 211X7/2026 | व्यास कालोनी | नीतू के पति सुनील शर्मा | चाहत शर्मा पिता नवीन शर्मा | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 4 | 212X7/2026 | व्यास कालोनी | राकेश पिता सिद्धनाथ | चाहत शर्मा पिता नवीन शर्मा | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 5 | 213X7/2026 | 160 बालकृष्ण | कमलाबाई पति भुवानसिंह | अर्जुनसिंह पिता भुवानसिंह आदी | मृत्युप्रमाण पत्र शपथ पत्र |
| | | बापूजी मार्ग | | | वगैरह |
| 6 | 214X7/2026 | रायदास गली | सीता पति भेरूलाल | हुकुमचन्द्र, छगनलाल पिता भेरूलाल | मृत्युप्रमाण पत्र शपथ पत्र |
| 7 | 215X7/2026 | संजना पार्क कालोनी | जमना पति कैलाशचन्द्र | राजेश पिता मांगीलाल आदी | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 8 | 216X7/2026 | व्यास कालोनी | शुभम, रामचंद्र के पिता | राधा पति शुभम | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 9 | 217X7/2026 | ए56 राधाकृष्ण कॉलोनी | यतीन्द्र कुमार पुत्र कनकमल | सुनीता पति अरूण | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 10 | 218X7/2026 | महात्मा गांधी मार्ग | अतुल पिता केशर सिंह | रईसउददीन पिता वली उददीन | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 11 | 219X7/2026 | बालकृष्ण बापूजी मार्ग | रीना पति मुकेश | सकीना पति मुस्तफा | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 12 | 220X7/2026 | बदनावर रोड | पूनमचंद पिता मोडीराम | ज्योति पति कमलेश | |
| 13 | 221X7/2026 | बदनावर रोड | पूनमचंद पिता मोडीराम | पूनमचंद पिता मोडीराम | |
| 14 | 222X7/2026 | मधुकर परिसर | एमआर डेवलपर्स मुकेश कुमार पिता | | |
| | | | शंकरलाल आदी | दीपा रामानी पति नरेश रामानी | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 15 | 223X7/2026 | मधुकर परिसर | एमआर डेवलपर्स मुकेश कुमार पिता | | |
| | | | शंकरलाल आदी | दीपा रामानी पति नरेश रामानी | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 16 | 224X7/2026 | रूनीजा रोड | राकेश पिता रणछोडलाल आदी | लोकेश पिता ओमप्रकाश | भूमि परिवर्तन आदेश शपथ पत्र |
| 17 | 225X7/2026 | संजना पार्क | कविश पिता योगेश ठाकुर | राजेश पिता बद्रीलाल | भूमि परिवर्तन आदेश शपथ पत्र |
| 18 | 226X7/2026 | विनायक ग्रीन | शशी कला पति बाबुलाल | हेमकुंवर पति राजेश | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 19 | 227X7/2026 | नागेश्वरधाम कालोनी | मधु पति विजय | विक्रमसिंह पिता आशाराम | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 20 | 228X7/2026 | नागेश्वरधाम कालोनी | मधु पति विजय | विक्रमसिंह पिता आशाराम | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 21 | 229X7/2026 | भगवती धाम | ऋषभ जैन पिता अतुल जैन | महेश पिता मांगीलाल | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 22 | 230X7/2026 | गेतम स्वामी विहार | दिलीप पिता कैलाशचंद्र | | |
| | | | बाकलीवाल आदी | पुष्पा कुंवर पति विक्रमसिंह | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 23 | 231X7/2026 | जवाहर मार्ग | हरीनारायण पिता पूनमचंद माली | हरीनारायण पिता पूनमचंद माली | भूमि परिवर्तन आदेश शपथ पत्र |
| 24 | 232X7/2026 | जवाहर मार्ग | हरीनारायण पिता पूनमचंद माली | हरीनारायण पिता पूनमचंद माली | भूमि परिवर्तन आदेश शपथ पत्र |
| 25 | 233X7/2026 | रविन्द्रनाथ ठाकुर पथ | सकीनाबाई पति मुस्तफा | तसनीम साइकलवाला पति अली | भूमि परिवर्तन आदेश शपथ पत्र |
| 26 | 234X7/2026 | कबीर पथ | राजेन्द्रसिंह पिता गिरधारी सिहं आदी | राधेकुंवर पति राजेन्द्रसिंह पंवार आदी | मृत्युप्रमाण पत्र शपथ पत्र |
| 27 | 235X7/2026 | नागेश्वरधाम कालोनी | धमेन्द्रपाल पिता गोर्वधनसिंह | तमन्ना पति दिनेश | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 28 | 236X7/2026 | नागेश्वरधाम कालोनी | धमेन्द्रपाल पिता गोर्वधनसिंह | पूजा पति महेश | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 29 | 237X7/2026 | व्यास कालोनी | अमित पिता अशोक सुराना | गट्टुबाई पति बंशीलाल | विक्रय पत्र शपथ पत्र |
| 30 | 238X7/2026 | मधुकर कालोनी | एमआर डेवलपर्स मुकेश कुमार पिता शंकरलाल आदी | गट्टुबाई पति बंशीलाल | विक्रय पत्र शपथ पत्र |

**अभय टोंग्या**
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् बडनगर

**अनिता सतीश वर्मा**
उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद् बड़नगर

**नेहा शांतिलाल गोखरू**
राजस्व सभापति नगर पालिका परिषद् बड़नगर

**मंशावनि निंगवाल**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद् बड़नगर

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बखन, खींच-2

**पिछले वर्ग पहेली का हल**



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 1 | | 8 | | 5 | = | 23 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 35 | | 8 | | 25 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 35 | | 60 | | 49 | | 25 | = | 21 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 48 | | 30 | | 40 | = | 26 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 27 | | 47 | | 45 | | 45 | = | 3 / 74 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | हु | मे | रि | सो | म | बा | थ | थ | ट | जी |
| णे | खु | कु | प | ई | जी | ने | शि | या | ड़ | नी |
| श | पी | जा | म | र | ग | वा | द | ह | प | ल |
| मा | ग | ए | पा | सिं | हू | स | ल | ह | लि | म |
| व | र | अ | सं | ब | ह | ला | कि | यो | प | सं |
| ल | इ | धि | मो | ग | प | वा | शी | ह | जी | जी |
| न | जी | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | व |
| क | रि | भा | र | य | र | स | रा | ल | चि | रे |
| र | या | या | तें | ह | म | ज | जी | शा | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | शि | व | रा | ज | पा | टि | ल |
| वां | स | म | प | व | लि | रा | म | भ | अ | त |

शब्दजाल में निर्वाचित 10 लोकसभा अध्यक्षों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.

---

गणेश मावलनकर, हुकूम सिंह, नीलम संजीव रेड्डी, बलिराम भगत, रबी राय, पी.ए. संगमा, शिवराज पाटिल, जी. बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | |
| | 2 | | 6 | | 7 | |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| | 2 | 6 | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | | 4 | | 5 | 2 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पत्नी - तुम प्यार करते हो मुझे?
पति - हां, बिल्कुल शाहजहां की तरह।
पत्नी - मतलब मेरे मरने के बाद ताजमहल बनवाओगे?
पति - मैं प्लॉट ले चुका हूं पगली, देर तो तू कर रही है।

00000000000

टीचर - बच्चों जब तुम सब बड़े हो जाओगे तो इस फोटो को देखकर कहोगे,
ये रहा राजू जो अमेरिका चला गया,
ये रहा रवि जो अब लंदन में जॉब करता है और
ये रहा नंदू जो यहीं का यहीं रह गया।
ये बात सुनकर नंदू बोला - और ये रही हमारी मैडम, जिनका देहांत हो गया।
(नंदू की फिर तगड़ी कुटाई हुई)।


00000000000

पप्पू फिजिक्स का एग्जाम देने गया, पेपर में सवाल पूछा गया...
सवाल - कौन सा लिक्विड गर्म करने पर सॉलिड बन जाता है?
पप्पू का जवाब - बेसन के पकौड़े।

00000000000

पप्पू - पापा मुझे मैडम रोज मार लगाती हैं।
पापा - तू डर मत बेटे, तू तो शेर का बच्चा है!
पप्पू - मैडम भी यही कहती हैं।
पापा - क्या?
पप्पू - ना जाने किस जानवर की औलाद है
कुछ पढ़ता ही नहीं!

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# बंगाल- 7 एग्जिट पोल में से 5 में भाजपा सरकार

**पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरलम, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल के नतीजे आ चुके हैं। पांचों राज्यों में इस बार रिकॉर्ड वोटिंग हुई। सबसे बड़ा फैक्टर वोटर लिस्ट रिविजन (रक्फ़) को बताया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में डुप्लीकेट और मृत मतदाताओं के नाम हटाए गए। इससे कुल वोटर्स की संख्या घट गई, लेकिन वोट डालने वाले लोगों की संख्या लगभग समान रही, जिससे प्रतिशत बढ़ गया।**

महिलाओं को कैश सहायता, मुफ्त यात्रा और आरक्षण जैसे वादों ने महिला वोटर्स को बड़ी संख्या में बाहर निकाला। इस बार महिलाओं का वोट प्रतिशत पुरुषों की तुलना में बंगाल-तमिलनाडु में 2%, असम में 1%, केरलम में 5% और पुडुचेरी में 3% ज्यादा रहा।

**1. पश्चिम बंगाल:** 2021: 10 में से 5 एग्जिट पोल ने TMC की जीत दिखाई, 3 ने BJP की सरकार और 2 ने कड़ी टक्कर दिखाई।

**2016:** सभी 6 एग्जिट पोल ने ममता की वापसी की संभावना जताई।

**2011:** सर्वे एजेंसियां कम थीं। स्टार न्यूज-नीलसन, हेडलाइन टुडे और सीएनएन-आईबीएन-सीएसडीएस ने ळटउ की जीत दिखाई।

**2. तमिलनाडु:** 2021: सभी 4 एग्जिट पोल ने DMK की सरकार का अनुमान लगाया।

**2016:** पोल बंटे हुए थे, 8 में से 5 में DMK और 3 में अव्व्ठङ सरकार की संभावना जताई गई।

**2011:** 3 बड़े सर्वे में AIADMK की सरकार बनने की संभावना जताई थी, लेकिन पार्टी को ज्यादा सीटें मिलीं।

**3. केरलम:** 2021: सभी 4 एग्जिट पोल ने छउ्रःकी वापसी का अनुमान लगाया।

**2016:** 4 में से 3 पोल छउ्रःके पक्ष में थे, 1 ने कड़ी टक्कर बताई।

**2011:** 3 सर्वे एजेंसियों के पोल में वउ्रःकी सरकार बनाई।

**4. असम:** 2021: सभी 5 एग्जिट पोल ने बीजेपी की सरकार का अनुमान लगाया।

2016: भी 5 में से 4 पोल बीजेपी के पक्ष में थे, 1 ने त्रिशंकु विधानसभा की संभावना जताई।

2011: 3 पोल में सभी ने कांग्रेस की सरकार का अनुमान लगाया।

## 1. एग्जिट पोल क्या होता है?

जवाब: चुनाव के दौरान जनता का मूड जानने के लिए दो तरह के सर्वे किए जाते हैं। वोटिंग से पहले के सर्वे को ओपिनियन पोल कहते हैं, जबकि वोटिंग के दौरान होने वाले सर्वे को एग्जिट पोल कहा जाता है। आम तौर पर एग्जिट पोल के नतीजे आखिरी फेज की वोटिंग खत्म होने के एक घंटे बाद जारी किए जाते हैं।

### पुडुचेरी एग्जिट पोल्स 2026

कुल सीटें: 30 । बहुमत: 16

| एजेंसी | NDA+ | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| पीपुल्स पल्स | 16-19 | 10-12 | 1-2 |
| एक्सिस माय इंडिया | 16-20 | 6-8 | 3-7 |
| प्रजा पोल | 19-25 | 6-10 | 0 |
| कामाख्या एना. | 17-24 | 4-7 | 1-3 |
| **एवरेज** | **20** | **8** | **2** |

### केरलम एग्जिट पोल्स 2026

कुल सीटें: 140 । बहुमत: 71

| एजेंसी | LDF | UDF+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| वोट वाइब | 58-68 | 70-80 | 0-4 |
| एक्सिस माय इंडिया | 49-62 | 78-90 | 0-3 |
| मैट्रिज | 60-65 | 75-85 | 3-5 |
| पीपुल्स पल्स | 55-65 | 70-85 | 0-3 |
| पी- मार्क | 62-69 | 71-79 | 1-7 |
| जेवीसी- टाइम्स नाउ | 57-66 | 72-82 | 2-6 |
| पीपल्स इनसाइट | 58-68 | 66-76 | 10-15 |
| **एवरेज** | **61** | **76** | **3** |

### असम एग्जिट पोल्स 2026

कुल सीटें: 126 । बहुमत: 64

| एजेंसी | BJP+ | कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| एक्सिस माय इंडिया | 88-100 | 24-36 | 0 |
| मेट्रिज | 85-95 | 25-32 | 6-12 |
| पीपुल्स पल्स | 68-72 | 22-26 | 3-5 |
| पी मार्क | 82-94 | 30-40 | 1-5 |
| जेवीसी | 88-101 | 23-33 | 2-5 |
| चाणक्य स्ट्रेटजीज | 88-98 | 22-32 | 3-5 |
| पोल डायरी | 86-101 | 15-26 | 3-7 |
| वोट वाइब | 90-101 | 23-33 | 0-6 |
| जनमत पोल्स | 87-98 | 29-30 | 0 |
| कामाख्या एना. | 85-95 | 26-39 | 0-3 |
| पीपुल्स इनसाइट | 88-96 | 30-34 | 2-4 |
| **एवरेज** | **90** | **29** | **7** |

### तमिलनाडु एग्जिट पोल्स 2026


कुल सीटें: 234 । बहुमत: 118

| एजेंसी | DMK+ | AIADMK+ | टीवीके |
|---|---|---|---|
| पीपुल्स पल्स | 125-145 | 65-80 | 18-24 |
| मैट्रिज | 122-132 | 87-110 | 10-12 |
| जेवीसी- टाइम्स नाउ | 75-95 | 128-147 | 8-15 |
| पी मार्क | 125-145 | 65-85 | 16-26 |
| पीपुल्स इनसाइट | 120-140 | 60-70 | 30-40 |
| प्रजा पोल | 148-168 | 61-81 | 1-9 |
| एक्सिस माय इंडिया | 92-110 | 22-32 | 98-120 |
| कामाख्या एना. | 78-95 | 68-84 | 67-81 |
| वोट वाइब | 103-113 | 114-124 | 4-10 |
| **एवरेज** | **118** | **82** | **34** |

### बंगाल एग्जिट पोल्स 2026

कुल सीटें: 294 । बहुमत: 148

| एजेंसी | TMC | BJP | अन्य |
|---|---|---|---|
| मैट्रिज | 125-140 | 146-161 | 6-10 |
| चाणक्य स्ट्रेटीज | 130-140 | 150-160 | 0-5 |
| पीपुल्स पल्स | 177-187 | 95-110 | 1-4 |
| पोल डायरी | 99-127 | 142-171 | 5-9 |
| प्रजा पोल | 85-110 | 178-208 | 0-5 |
| पी मार्क | 118-138 | 150-175 | 0-0 |
| जनमत पोल्स | 195-205 | 80-90 | 1-4 |
| **एवरेज** | **142** | **145** | **7** |



■ वर्ष-12 अंक-176 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

**दुग्धेन धेनुः कुसुमेन वल्ली शीलेन भार्या कमलेन तोयम्।**
**गुरुं विना भाति न चैव शिष्यः शमेन विद्या नगरी जनेन।।**

**भावार्थ** : जैसे दूध के बिना गाय, फूल के बिना लता, चरित्र के बिना पत्नी, कमल के बिना जल, शांति के बिना विद्या, और लोगों के बिना नगर शोभा नहीं देते, वैसे हि गुरु बिना शिष्य शोभा नहीं देता।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 30 अप्रैल, 2026

**शरीरं चैव वाचं च बुद्धिन्द्रिय मनांसि च।**
**नियम्य प्राञ्जलिः तिष्ठेत् वीक्षमाणो गुरोर्मुखम्।।**

**भावार्थ** : शरीर, वाणी, बुद्धि, इंद्रिय और मन को संयम (काबू) में रखकर, हाथ जोडकर गुरु के सन्मुख (सामने) देखना चाहिए।

## सम्पादकीयम्

## युद्धस्य परिणाम

ट्रम्पः यथा यथा अधिकं दबावं प्रयोजयति तथा तथा प्रतिरोधस्य भावना अधिका प्रबलः भवति। ईरान-अमेरिका-युद्धम् चीनेन अमेरिका-देशाय कठोर-चेतावनी जारीकृता... ईरानी-जहाजस्य जब्धस्य विषये तनावः कथं प्रज्वलितः? राम की रिपोर्ट युद्धस्य परिणामः: सैन्यसङ्घर्षेण यत् किमपि प्राप्तुं आशां कर्तुं शक्नुवन्ति स्म तत् उभयपक्षेण प्राप्तम्। अमेरिकादेशेन येषां उद्देश्यानां कृते अयं संघर्षः आरब्धः, ते अद्यापि दुर्गमाः एव, वाशिङ्गटनं च स्वीकुर्वति यत् एतानि लक्ष्याणि केवलं युद्धद्वारा एव साकारं कर्तुं न शक्यन्ते तथैव इरान् अपि सम्भवतः अवगच्छति यत सः केवलं ट्रम्पस्य हठं निश्चितपर्यन्तं मोचयितुं शक्नोति। एतेषु परिस्थितिषु एकः एव मार्गः अवशिष्टः अस्ति- शान्तिः। अन्तर्राष्ट्रीयऊजार्संस्थायाः तैलस्य प्राकृतिकवायुस्य च विषये चेतावनी-विशेषतः यत् २०२७ तमवर्षपर्यन्तं आपूर्तिः सामान्यस्तरं प्रति न आगमिष्यति-अस्य संघर्षस्य गम्भीरपरिणामानां केवलमेकं पक्षं प्रतिनिधियति। दीर्घकालं यावत् स्थापनं वैश्विकमन्दतां प्रेरयितुं शक्नोति-यस्य संकटस्य कृते सामान्यजनाः अन्ततः सर्वाधिकं मूल्यं ददति। सक्रिययुद्धं प्रचलति स्म तदा अपि एतादृशी स्थितिः न उत्पन्ना आसीत्। तस्मिन् काले केषाञ्चन जहाजानां होर्मुज्-जलसन्धितः गन्तुं अनुमतिः व्यत्ययेन दत्ता। दबावः व्यर्थः सिद्धः: अमेरिका-इरान्-देशयोः परस्परं सीमायाः परीक्षणं भवति, तस्य मूल्यं च विश्वं ददाति।

**खाद्यसुरक्षामानकप्राधिकरणयोः तथा आईएसओ 22000 इत्येतयोः प्रमाणपत्राणि**

## अत्यन्तं महत्त्वपूर्णा शर्तः अस्ति यत् सज्जीकृतानां लड्डुषु १५ दिवसानां





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भविष्यन्ति येषां खाद्यनिमार्णे न्यूनतमं त्रिवर्षस्य अनुभवः अस्ति। अपि च, सहभागिकम्पनीनां कृते भारतस्य खाद्यसुरक्षामानकप्राधिकरणयोः तथा आईएसओ 22000 इत्येतयोः प्रमाणपत्राणि धारयितुं अनिवार्यं कृतम् अस्ति। अतिरिक्तं, सम्बन्धितकम्पनीयाः वार्षिककारोबारः न्यूनातिन्यूनं 40 कोटिरूप्यकाणां भवितुमर्हति यत् कार्यस्य उत्तरदायित्वं केवलं अनुभविनां सक्षमानां च हस्तानां कृते एव न्यस्तं भवति।

मन्दिरसमित्या लड्डूप्रसादस्य गुणवत्तायाः विषये अत्यन्तं कठोरविनियमाः स्थापिताः सन्ति। अत्यन्तं महत्त्वपूर्णा शर्तः अस्ति यत् सज्जीकृतानां लड्डुषु न्यूनातिन्यूनं १५ दिवसानां शेल्फ लाइफ भवितुमर्हति। यदि अस्याः अवधिस्य समाप्तेः पूर्वं प्रसादः बिगडितः इति ज्ञायते तर्हि उत्तरदायी कम्पनीयाः उपरि 25 लक्षपर्यन्तं महत् दण्डः भवति। अपि च, उत्पादनकाले अमानकस्य अथवा अवरस्य कच्चामालस्य उपयोगः भवति चेत् ५ लक्षस्य दण्डः निर्धारितः अस्ति। तत्सङ्गमे यदि प्रसाद-पैकेटस्य भारः निर्दिष्टात् न्यूनः इति ज्ञायते तर्हि 2 लक्षपर्यन्तं दण्डः भवति। एतेषां कठोर प्रावधानानाम् एकमात्रं उद्देश्यं भवति यत् भक्ताः सर्वेषु परिस्थितिषु शुद्धं उच्चगुणवत्तां प्रसादं प्राप्नुयुः।

उल्लेखनीयं यत् महाकालमन्दिरं देशस्य प्रथमं मन्दिरम् अस्ति यस्य लड्डू प्रसाद भारतस्य खाद्यसुरक्षामानकप्राधिकरणेन गुणवत्तायाः शुद्धतायाश्च ५-तारक-रेटिंग प्राप्तवान्। एषा उपलब्धिः मन्दिरप्रशासनस्य कृते महती गौरवस्य विषयः अस्ति, आधुनिकप्रौद्योगिक्याः लाभः च अस्य उच्चस्तरस्य निवाहार्थं क्रियते। नवीनयन्त्राणां उपयोगेन प्रसाद उत्पादनप्रक्रियायां स्वच्छतामानकानां अधिकवर्धनं भविष्यति, येन भक्तानां विश्वासः विश्वासः च सुदृढः भविष्यति।

मन्दिरप्रशासनस्य अनुसारं लड्डू प्रसाद सख्त सात्विक (शुद्ध तथा स्वस्थ) रीत्या निर्मितं भवति। अस्मिन् उच्चगुणवत्तायुक्तानां सामग्रीनां उपयोगः भवति यथा देसीघृतं (स्पष्टं मक्खनं), चनापिष्टं (बेसन), अङ्गुलीबाजरा (रागी), चूर्णशर्करा, काजू, किशमिश, इलायचीचूर्णं, केसरं, जायफलं च अस्याः प्रक्रियायाः एकं विशिष्टं वैशिष्ट्यम् अस्ति यत् प्रसादस्य निर्माणकाले सर्वथा कोऽपि संरक्षकस्य वा कृत्रिमवर्णस्य वा उपयोगः न भवति। अपि च, मन्त्रजपस्य मध्ये प्रसादस्य निर्माणस्य परम्परा तस्य आध्यात्मिकपवित्रतायाः रक्षणार्थं सावधानीपूर्वकं निर्वाहिता भविष्यति। प्रसादस्य पैकेजिंग् अपि आधुनिकीकरणं कर्तुं निश्चितम् अस्ति।

**सर्वकालिकं अभिलेखं**

## स्थापितवान्-पूर्ववर्षस्य तुलने १०.०६ प्रतिशतं

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

सर्वकालिकं अभिलेखं स्थापितवान्-पूर्ववर्षस्य तुलने १०.०६ प्रतिशतं वृद्धिः। कुलम् ११६ मिलियन यात्रिकाः यात्रां कृतवन्तः, पूर्ववर्षस्य अपेक्षया ६.६३ प्रतिशतं वृद्धिः अभवत्।

यात्रिकाणां राजस्वं २,५७२.५५ कोटिरूप्यकाणि, मालवाहनस्य राजस्वं ६,०७९.०२ कोटिरूप्यकाणि च अभवत्। कुलराजस्वं ९,१२६.३५ कोटिरूप्यकाणि अभवत्, यत् पूर्ववर्षस्य तुलने १०.९९ प्रतिशतं वृद्धिं प्रतिनिधियति। आधारभूतसंरचनाविकासस्य अन्तर्गतं ११७ कि.मी.पर्यन्तं रेलपरियोजनानि सम्पन्नानि, यस्य परिणामेण क्षमता वर्धिता, परिचालनदक्षता च वर्धिता। जबलपुर-स्थानकस्य पुनर्विकासाय निविदा-प्रक्रिया शीघ्रं क्रियते। स्क्रैपस्य निष्कासनेन 361.7 कोटिरूप्यकाणां राजस्वं प्राप्तम्।

सुरक्षाक्षेत्रे 'कवच'-व्यवस्था कोटा-मथुरा-कोटा-नाग्डा-खण्डेषु कार्यान्विता अस्ति, ८७ इञ्जिनेषु च स्थापिता अस्ति ग्रीष्मकालस्य ऋतौ यात्रिकाणां आरामं सुनिश्चित्य पश्चिममध्यरेलवे १८ 'ग्रीष्मकालीनविशेष' रेलयानेषु १९२ यात्राः संचालयति; तदतिरिक्तं सम्प्रति पश्चिममध्यरेलमार्गक्षेत्रेण अन्ये २०० तः अधिकाः रेलयानानि प्रचलन्ति। 'अमृतभारतस्थानकयोजनायाः' अन्तर्गतं नर्मदापुरम, शाजापुर, कटनीदक्षिण इत्यादिषु अनेकेषु स्टेशनेषु विकासकार्यं सम्पन्नम् अस्ति, अन्येषु स्टेशनेषु, यथा विदिशा, सांची, हरदा च कार्याणि अन्तिमपदे सन्ति नवीन रेल लाइन परियोजना द्रुतगत्या प्रगतिशीलाः आधारभूतसंरचनात्मककार्यसम्बद्धविस्तृतसूचनाः प्रदातुं महाप्रबन्धकेन उक्तं यत पश्चिममध्यरेलवे-विशेषतः ललितपुर-खजुराहो-सतना-पन्ना-रीवा-सिधि-सिंरौली (५४१ कि.मी.) तथा रामगञ्जमण्डी-भोपाल (२७६.५ कि.मी.) रेखानां अन्तः नवीन-रेल-रेखा-परियोजनानां निर्माणकार्यं सम्प्रति प्रचलति निर्धारितसमाप्तिलक्ष्याणां पूर्तये उद्देश्यं कृत्वा कार्यं त्वरितगत्या प्रचलति।

## पीएम इत्यस्य विकसितस्य सशक्तस्य च लद्दाखस्य

ब्रह्मास्त्र ›› लेह

प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी इत्यस्य विकसितस्य सशक्तस्य च लद्दाखस्य दृष्ट्या सह सङ्गतः इति दृश्यते। अपि च, अस्य प्रस्तावस्य गृहमन्त्रालयात्-अमितशाहस्य नेतृत्वे-२०२४ तमस्य वर्षस्य अगस्तमासे पूर्वमेव अनुमोदनं प्राप्तम् आसीत्। एतेषां नूतनानां मण्डलानां निमार्णेन प्रशासनिकविकेन्द्रीकरणं पोष्यते, विशेषतः ऐतिहासिकदृष्ट्या भौगोलिकदृष्ट्या दुर्गमक्षेत्रेषु जनानां कृते सर्वकारीयसेवानां शीघ्रं वितरणं च सुलभं भविष्यति इति सर्वकारस्य मतम् अस्ति तदतिरिक्तं, अयं निर्णयः क्षेत्रे विकासस्य, रोजगारस्य, उद्यमशीलतायाः च नूतनान् अवसरान् जनयिष्यति इति अपेक्षा अस्ति। प्रशासनेन विश्वासः प्रकटितः यत् एषः निर्णयः क्षेत्रस्य समग्रविकासे महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहति, तत्सह लद्दाखस्य नागरिकानां सशक्तिकरणं च करिष्यति।

## राशिफल

**मेष** : बस ध्यान रखें कि गलत दिशा में कदम न बढ़े। मन थोड़ा बेचैन रह सकता है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है।

**वृषभ** : कामकाज में भी उतार-चढ़ाव रहेगा और सरकारी कामों में रुकावट आ सकती है। पिता या हेल्थ को लेकर चिंता हो सकती है।

**मिथुन** : अच्छी बात ये है कि रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है और कमाई के नए रास्ते खुलेंगे।

**कर्क** : कोर्ट-कचहरी के मामलों में जीत मिल सकती है। हेल्थ, प्यार और बच्चों का साथ अच्छा रहेगा।

**सिंह** : यात्रा का योग भी बन रहा है। लेकिन अपने स्वास्थ्य और जीवनसाथी के साथ रिश्ते पर ध्यान दें।

**कन्या** : मुंह या दांत से जुड़ी परेशानी हो सकती है। आपकी पर्सनैलिटी में एक अलग चमक रहेगी और प्रॉपर्टी खरीदने के योग भी हैं।

**तुला** : दुश्मन सक्रिय रहेंगे, लेकिन आपका दबदबा बना रहेगा। हेल्थ का खास ध्यान रखें।

**वृश्चिक** : मन के अंदर थोड़ा कन्फ्यूजन और बेचैनी रह सकती है। हेल्थ भी थोड़ा ऊपर-नीचे रहेगा।

**धनु** : प्रेम संबंधों में बहस हो सकती है और बच्चों की हेल्थ को लेकर चिंता रहेगी। कुल मिलाकर समय मिक्स है।

**मकर** : घर का माहौल थोड़ा नेगेटिव रह सकता है। मां की सेहत और प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों में परेशानी आ सकती है।

**कुंभ** : बस अपनी भावनाओं पर कंट्रोल रखना जरूरी है। हेल्थ में खासकर सिर, गला या कंधे से जुड़ी दिक्कत हो सकती है।

**मीन** : सरकारी कामों में रुकावट आ सकती है। सिर दर्द या आंखों से जुड़ी परेशानी हो सकती है।

## ज्योतिष/वास्तु

# शनि जयंती पर इन राशि वालों को मिलेगी शनि की विशेष कृपा, बदलेगा भाग्य और बढ़ेगा सुख

2026 में शनि जयंती 16 मई को मनाई जाएगी। इस दिन शनिवार होने के कारण यह दुर्लभ संयोग माना जा रहा है। इसलिए कुछ राशियों पर प्रभु प्रसन्न रहने वाले हैं।

ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को मनाई जाने वाली शनि जयंती, शनिदेव के प्रकट दिवस के रूप में बेहद खास मानी जाती है। 2026 में यह पर्व 16 मई को मनाया जाएगा। खास की बात यह है कि, इस तिथि पर शनिवार का दुर्लभ संयोग बन रहा है। ज्योतिषियों के अनुसार, शनिदेव कर्मों के कारक ग्रह है और वे व्यक्ति को उसके अच्छे-बुरे कर्मों के अनुसार ही फल देते हैं, इसलिए उनकी कृपा जहां जीवन को स्थिरता, सफलता और समृद्धि देती है, वहीं उनकी नाराजगी संघर्ष और देरी का कारण भी बन सकती है। हालांकि, शनि जयंती पर प्रभु कुछ



राशियों पर मेहरबान भी रहते हैं। इससे जीवन में सफलता, धन लाभ और कारोबार में आग बढ़ने आदि के योग बनते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि, इस बार शनि जयंती पर किन राशियों को लाभ मिलने वाला है।

**मकर राशि-** मकर राशि के स्वामी स्वयं शनिदेव हैं, इसलिए शनि जयंती का प्रभाव आपके लिए लाभकारी साबित हो सकता है। धन लाभ के कई मनचाहे अवसर प्राप्त होंगे। रुके हुए काम धीरे-धीरे पूरे होने लगेंगे। आपके करियर में स्थिरता आएगी। इस दौरान कोई नया घर और वाहन आप खरीद सकते हैं। आर्थिक मामलों में भी सुधार के संकेत हैं। मेहनत का फल मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। अच्छे परिणाम व्यापार में आप महसूस करेंगे। नए लोगों से मिलना भी लाभकारी साबित होगा।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि के जातकों के लिए भी यह समय सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। बता दें, शनिदेव कुंभ राशि के स्वामी ग्रह हैं और शनि की कृपा से आपके आत्मविश्वास में जबरदस्त वृद्धि होगी। विवाह के योग में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आप अपने फैसलों को लेकर अधिक स्पष्ट रहेंगे। इस समय करियर और सामाजिक जीवन में आपकी छवि मजबूत होगी और लोग आपकी बातों को महत्व देंगे। धन लाभ के मौके मिलेंग।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों के लिए शनि जयंती के बाद आर्थिक प्रगति के नए रास्ते खुल सकते हैं। दरअसल, वर्तमान में शनि इसी राशि में मौजूद है और वह 2026 में यहीं रहने वाले हैं। ऐसे में आय के नए स्त्रोत बन सकते हैं और रुके हुए कार्य गति पकड़ सकते हैं। इस समय कोई वाहन खरीदने की इच्छा पूरी होगी। धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार लेकर आएगा।

## खबर एक नजर...

### भाई से बोला शराब पी रहा हूं, पटरियों पर मिली लाश

**उज्जैन।** मूलरूप से सोयतकलां आगर मालवा का रहने वाला विष्णु पिता रामलाल 35 साल पंवासा में किराये का मकान लेकर रहता था और पेंटरी का काम करता था। मंगलवार सुबह घर से निकला था उसके बाद वापस नहीं लौटा था। रात 10.30 से 11 बजे के बीच स्टेशन मास्टर की सूचना पर जीआरपी-आरपीएफ की टीम मक्सीरोड केसरबाग कालोनी के पीछे रेलवे ट्रेक पर पहुंची। जहां एक युवक मृत अवस्था में पड़ा था। घटनास्थल पंवासा थाना क्षेत्र का होने पर सूचना दी गई। इस दौरान सामने आया कि उक्त मृतक ट्रेन आने पर सामने आ गया था, जिससे टकराकर उसकी मौत हो गई है। ट्रेन ड्रायवर ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी थी। पंवासा पुलिस ने पटरियों पर मिली लाश को पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया और पहचान के प्रयास शुरू किये। रात में ही उसकी पहचान विष्णु के रूप में हो गई। प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि परिजनों से पूछताछ करने पर भाई ने बताया कि घर नहीं लौटा था और मोबाइल पर बात करने के दौरान उसने पटरियों के किनारे बैठकर शराब पीने की बात कहीं थी। विष्णु 2 बच्चों का पिता था। उसने ऐसा क्यों किया इसकी वजह पता नहीं है। प्रधान आरक्षक पाल के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पायेगा। प्रथमदृष्टता मामला आत्महत्या का होना सामने आया है।

### दुर्घटना में 2 घायलों की निजी अस्पताल में मौत

**उज्जैन।** बड़नगर के ग्राम पिपलू में रहने वाला राधेश्याम पिता सीताराम 60 साल कुछ दिन पहले सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। उसे परिजनों ने उपचार के लिये नीलगंगा थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल में भर्ती किया था। इसी प्रकार ग्राम पाडलिया महिदुपर का रहने वाला करण पिता श्यामलाल चौहान 22 साल को भी सड़क दुर्घटना में घायल होने पर परिजनों ने नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। बुधवार दोपहर दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई। दोनों का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने शव परिजनों को सौंपे। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि मृतक करण की मर्ग डायरी झारड़ा थाना पुलिस को सौंपी जायेगी। नीलगंगा थाना पुलिस ने राधेश्याम की मर्ग डायरी बड़नगर थाना पुलिस को जांच के लिये भेजने की बात कहीं है।

### शादी से लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**उज्जैन।** दोस्त की शादी में गया युवक मंगलवार-बुधवार रात वापस लौट रहा था। इंदौररोड पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक की मौके पर मौत हो गई। चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम जवासिया में रहने वाला आकाश पिता मोहनलाल चौहान 25 साल मंगलवार को अपने दोस्त की शादी होने पर ग्राम बालोदा गया था। जहां से देर रात वापस लौटते समय पंथपिपलाई के पास उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर घायल होने पर कुछ लोगों ने मदद करते हुए उसके पास मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। घायल आकाश को चरक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू की है। दुर्घटना का एक मामला मंगलवार-बुधवार रात घट्टिया तहसील के ग्राम ढाबाला गौरी में हुआ। तेलगति से दौड़ती कार ने बाइक सवार विजय चावड़ा 21 साल निवासी ग्राम कलेसर को टक्कर मार दी। विजय की मौके पर मौत हो गई। चालक कार छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये उज्जैन चरक अस्पताल पहुंचाया। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के समय परिजनों ने बताया कि विजय ड्रायवरी का काम करता था और रात में गुनाई से वापस गांव आ रहा था। 2 साल पहले शादी हुई थी पत्नी गर्भवती है। घट्टिया थाना पुलिस के अनुसार दुर्घटना में कार क्षतिग्रस्त हुई है। चालक मौके से भाग निकला था।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 890-7 | 348-5 |
| मेन बाजार | 168-5 | 112-4 |
| मिलन डे | 889-5 | 466-6 |
| मिलन नाइट | 289-9 | 247-3 |

1 2 5

### बदमाश बोले- छिंगू के चेले हैं, पुलिस बहुत मारती है

# आग लगाकर दहशत फैलाने वालो का निकाला जुलूस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ढांचा भवन में हवाई फायर कर दहशत फैलाने और मकान में आग लगाने वाले बदमाशों में शामिल 3 बदमाश बुधवार को पुलिस हिरासत में आ गये। तीनों को घटनाक्रम की तस्दीक के लिये पुलिस क्षेत्र में लेकर पहुंची। जहां से कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में 18 दिन पहले छिंगू बुंदेला गैंग के 13 से अधिक बदमाशों ने हवाई फायर कर मकान में पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। सोशल मीडिया पर दहशतगर्दी का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने मामले में मनोहर गुर्जर की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया था। वीडियो के आधार पर बदमाशों की पहचान की गई और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये थे। 18 दिन बाद बुधवार को दहशतगर्दी में शामिल 3 बदमाशों राहुल पिता रामलाल सूर्यवंशी 30 साल निवासी गणेश टेकरी पटेलनगर, निखिल उर्फ निक्कू पिता पिता राकेश पंवार 22 साल और राहुल पिता बाबूलाल गोहर 20 साल निवासी भैरूनाला वाल्मिकी कालोनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस तीनों को घटनाक्रम की तस्दीक कराने क्षेत्र में लेकर पहुंची। इस दौरान बदमाशों ने कहा कि अपराध करना पाप है। हम छिंगू गैंग के चेले है, छिंगू तुम भी आ जाओं, काला तुम भी आ जाओं। थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि बदमाशों से घटना की तस्दीक के बाद न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। एसआई जयदीपसिंह राठौर ने बताया कि तीनों बदमाशों के हिरासत में आने पर राहुल गोहर से एक देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है।



**अब तक पांच बदमाशों की गिरफ्तारी**

हवाई फायर और आगजनी के मामले में पुलिस द्वारा पिछले 18 दिनों में 5 बदमाशों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। जिसमें 2 नाबालिग शामिल है। 11 अप्रैल को हुई घटना के बाद वीडियो सामने आने पर 14 अप्रैल को सबसे पहले निजातपुरा में रहने वाले संतोष परमार की गिरफ्तारी की गई थी। जिसने पूछताछ में 13 साथियों के नाम बताये थे। जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। 25 अप्रैल को मामले में शामिल रितेश उर्फ राजा शर्मा और किशोर पटेल को गिरफ्तार कर 2 जिंदा कारतूत के साथ देशी कट्टा बरामद किया था। वहीं 2 दिन बाद आगजनी में शामिल 2 नाबालिग भी पुलिस की गिरफ्त में आ गये थे। ज्निहे बाल संप्रेक्षणगृह भेजा गया था।

**बुंदेला-गुर्जर गैंग में सालों पुरानी रंजीश** – चिमनगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले छिंगू उर्फ यशवेंद्र बुंदेला गैंग और रौनक गुर्जर गैंग में सालों पुरानी रंजीश चली आ रही है। दोनों वर्चस्व को लेकर पहले भी आमने-सामने हो चुके है। ढांचा भवन में रौनक गुर्जर के मकान में लगाई गई आग उसी रंजीश में होना सामने आया था। आगजनी को अंजाम देने के लिये पांच बाइक पर 13 बदमाश सवार होकर आये थे। जिसमें नाबालिग भी शामिल थे। मामले में अब भी 5 बदमाश फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

### ब्रिज से युवक ने क्षिप्रा नदी में लगाई छलांग

# गोताखोरों ने निकाला शव, देर शाम हुई पहचान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लालपुल के पास चिंतामण की ओर जाने वाले ब्रिज से बुधवार दोपहर एक युवक ने क्षिप्रा नदी में छलांग लगा दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बाहर निकाला। देर शाम युवक की पहचान कर ली गई।

नीलगंगा थाना एएसआई जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि दोपहर में जंतर-मंतर के आगे चिंतामण की ओर जाने वाले ब्रिज के नीचे निर्माण कार्य में लगे मजदूरों ने सूचना देकर बताया था कि ब्रिज से 30-32 वर्षीय युवक ने नदी में छलांग लगाई है। सूचना पर पुलिस पहुंची और युवक की तलाश के लिये मां क्षिप्रा तैराक दल के सदस्यों को बुलाया गया। करीब एक से डेढ़ घंटे की तलाश के बाद युवक का शव नदी से बाहर निकाल लिया गया। जिसकी पहचान नहीं होने पर बॉडी चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाई गई। मृतक की पहचान के प्रयास शाम तक जारी थी। वहीं मामले में थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया जानकारी सामने आई है कि मृतक बड़नगर के सनावदा का रहने वाला है। उसके परिजनों को सूचना देने का प्रयास किया जा रहा है। परिजनों के आने पर ही मृतक की पहचान स्पष्ट हो पायेगी और उसके ब्रिज से कूदने का कारण सामने आ पायेगा। प्रथमदृष्टता मामला आत्महत्या का होना सामने आया है।

# बड़नगर पुलिस ने खोजे 2 लाख कीमत के 10 मोबाइल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मोबाइल गुम होने पर खोज निकालने के लिये चलाये जा रहे अभियान में बड़नगर थाना पुलिस द्वारा 2 लाख कीमत के 10 मोबाइल खोज निकालने में सफलता प्राप्त की है। बुधवार को शिकायत दर्ज कराने वाले मोबाइल धारकों को पुलिस ने थाने बुलाया और सभी को उनके मोबाइल वापस लौटाये। महिनों बाद गुम मोबाइल मिलने पर उनके चेहरे खिल उठे। मोबाइल धारकों का कहना था कि उन्हे उम्मीद नहीं थी पुलिस उनके मोबाइल वापस ले आयेगी। गुम होने के बाद से लगातार नम्बर बंद आ रहे थे, जिसके चलते वापस मिलने की उम्मीद भी छोड़ दी थी, लेकिन पुलिस ने मोबाइल वापस लौटाकर बहुत अच्छा काम किया है। एसडीओपी महेन्द्रसिंह परमार ने बताया कि लगातार मोबाइल गुम होने की शिकायत मिलने पर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार द्वारा आरक्षक सूर्य कुमार, मनोहर मोहरी, नितेश रायकवार की टीम बनाई गई थी। वहीं एसआई सोभागसिंह और एएसआई गोवर्धनदास बैरागी को शामिल किया गया था। सभी ने सायबर टीम की मदद से गुम मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर उन लोगों का पता लगाया कि जिन्हे मोबाइल मिले थे। सभी से पूछताछ और जांच में पता चला कि उनके परिवार के बुजुर्गो और बच्चों को मोबाइल मिले थे। पुलिस ने सभी से मोबाइल वापस लिये और बताया कि गुम मोबाइल मिलने पर संबंधित थाना पुलिस को सूचना दी जाये, ताकि कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि मोबाइल खोज निकालने के लिये सीईआईआर पोर्टल प्रयोग किया गया था। गुम मोबाइल की शिकायत दर्ज कराने वालों में बड़नगर तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के साथ झालावाड़, बिसाहेड़ा और शाजापुर के व्यक्ति शामिल थे।



# हिरासत में आये मिशन कंपाउंड में कार के कांच फोड़ने वाले युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मिशन कंपाउंड में खड़ी कार के आधी रात को कांच फोड़ने वाले 2 युवकों को फुटेज के आधार पर पुलिस ने बुधवार को हिरासत में ले लिया। युवकों में एक नाबालिग था। दोनों से नुकसान की भरपाई करवाई गई और वैधानिक कार्रवाई कर चेतावनी दी गई।

देवासरोड स्थित मिशन कंपाउंड में रहने वाले फार्मा कंपनी के सुपरवाईजर संदीप मीणा की कार के कांच सोमवार सुबह फूटे होना सामने आये थे। मामले में माधवनगर थाना पुलिस ने शिकायत मिलने पर अज्ञात युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। कंपाउंड में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने पर रात 1.57 पर बाइक से आते 2 युवक दिखाई दिये थे। दोनों ने अपनी बाइक दूर खड़ी की थी और पैदल आकर पत्थरों से चारों और के कांच फोड़ दिये थे और भाग निकले थे। फुटेज सामने आने पर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने आरक्षक देवराज, अविनाश चौहान को दोनों युवकों की पहचान के लिये अलर्ट किया। आसपास के क्षेत्रों में युवकों का पता लगाने पर सामने आया कि दोनों बागपुरा क्षेत्र के रहने वाले है। एक आकाश उर्फ अक्की उर्फ बब्बू पिता राजू गोस्वामी 22 साल है। दूसरा उसका नाबालिग साथी है। बुधवार को दोनों पुलिस की हिरासत में आ गये। आकाश को पुलिस घटना की तस्दीक कराने के लिये मिशन कंपाउंड लेकर पहुंची। इस दौरान दोनों के परिजनों ने अपने बच्चों की गलती स्वीकार करते हुए नुकसान की भरपाई करने की बात कहीं। पुलिस ने दोनों से नुकसान की भरवाई करवाई और वैधानिक कार्रवाई कर चेतावनी देकर नोटिस तामिल कराकर रिहा किया। थाना प्रभारी के अनुसार कांच फोड़ने वाले दोनों युवकों का कुछ दिन पहले सुपरवाइजर के छोटे भाई से कहासुनी हुई थी। जिसके चलते दोनों ने रात में कांच फोड़कर नुकसान किया था।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com